RNI-UPHIN/2009/30721

दिल्ली
अधिकतम तापमान 36 डिग्री
न्युनतम तापमान 28 डिग्री
एनसीआर
अधिकतम तापमान 35 डिग्री
न्युनतम तापमान 27 डिग्री

सोमवार 14 जुलाई 2025
सुर्योदय प्रातः 05 :33 बजे
सूर्यास्त सांय 19 : 22 बजे

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 मतदाता सूची में सुधार पर सुप्रीम सहमति सराहनीय

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष : 16 | अंक : 269 | गाजियाबाद, सोमवार 14 जुलाई 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946







## मुर्मु सोमवार को ओडिशा के दो दिन के दौरे पर जाएंगी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोमवार को ओडिशा की दो दिन की यात्रा पर जाएंगी। राष्ट्रपति भवन सचिवालय ने रविवार को यहां बताया कि राष्ट्रपति यात्रा के पहले ही दिन यानी सोमवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भुवनेश्वर के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति मंगलवार को रावेनशॉ विश्वविद्यालय के 13वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी और कटक स्थित रावेनशॉ गर्ल्स हाई स्कूल के तीन भवनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगी। वह कटक में आदिकवि सरला दास के जयंती समारोह में भी शामिल होंगी और कलिंग रत्न पुरस्कार-2024 प्रदान करेंगी।

## जेलों में कट्टरता फैलना एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा : गृह मंत्रालय

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। गृह मंत्रालय ने जेलों में कट्टरपंथ को एक गंभीर चुनौती बताया है तथा सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के वाश्ते त्वरित कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे गए एक पत्र में गृह मंत्रालय ने कैदियों की जांच-पड़ताल, समय-समय पर जोखिम का आकलन और अधिक जोखिम वाले व्यक्तियों को अधिक निगरानी के साथ अलग रखने समेत विभिन्न उपायों की सूची देते हुए दिशानिर्देश जारी किए हैं और ऐसे कैदियों को कट्टरपंथ से बाहर निकालने की प्रक्रिया को शुरू करने के महत्व को भी रेखांकित किया है।

## मानसून सत्र में कांग्रेस की रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए सोनिया गांधी ने बुलाई 15 जुलाई को बैठक

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी संसद के मानसून सत्र के लिए पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप देने के वाश्ते मंगलवार को एक अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगी। संसद के मॉनसून सत्र के हंगामेदार रहने की उम्मीद है क्योंकि कांग्रेस पार्टी सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की योजना बहा रही है। विपक्षी दल बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी निर्वाचन आयोग के कदम पर कड़ी आपत्ति जता सकते हैं। इसके अलावा कांग्रेस पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की कूटनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की मांग भी करती रही है।

## महाराष्ट्र के औरंगाबाद औद्योगिक क्षेत्र में कौशल केंद्र स्थापित होगा

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के औरंगाबाद औद्योगिक शहर (एयूआरआईसी) में 20,000 वर्ग फुट का कौशल विकास केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के साथ साझेदारी में स्थापित किया जाएगा और इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर अगले सप्ताह हश्ताक्षर होने की संभावना है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने क्षेत्र के नवाचार और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को और बढ़ाने के लिए एयूआरआईसी में वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्रों को आकर्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया है।

# यूपी: 24 घंटे में बारिश और बिजली गिरने से 14 की मौत

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷



उत्तरप्रदेश में बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटे में बारिश-बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई। वहीं, प्रदेश के बांध ओवरफ्लो होने लगे हैं। ललितपुर में माताटीला बांध के 9 गेट खोले गए हैं, जबकि झांसी में पथराई बांध के चार और लहचूरा बांध के 10 गेट खोले गए हैं।

झारखंड के सरायकेला-खरसावां और लोहरदगा जिलों में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति झुलस गया। सभी खेत से काम करके घर लौट रहे थे। राज्य में बारिश का आज यानी रविवार को यलो अलर्ट जारी किया है। बिहार में शनिवार को रोहतास में बारिश हुई, यहां बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई।

वहीं मध्य प्रदेश में भारी बारिश के चलते रीवा, सतना और छतरपुर समेत पांच जिलों में बाढ़ के हालात हैं। खजुराहो में 9 घंटे में 6.3 इंच बारिश हुई। छतरपुर के नौगांव में 3.4 इंच पानी बरसा। चित्रकूट में लोगों का नाव से रेस्क्यू कराया गया। यहां बाणसागर डैम के 7 गेट खोले गए। बरगी डैम के पांच गेट खोले गए हैं। राजस्थान के झालावाड़, धौलपुर, करौली और अलवर में शनिवार को तेज बारिश हुई। झालावाड़ में 4 इंच से ज्यादा पानी बरसा। इस दौरान तीन बच्चे डूब गए, दो के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि एक की तलाश जारी है।

मौसम विभाग ने रविवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और उत्तराखंड में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 21 राज्यों में तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश में बिजली गिरने का अलर्ट है। उत्तराखंड में बिजली गिरने के साथ-साथ अचानक बाढ़ आने और लैंडस्लाइड का भी अलर्ट है। मध्यप्रदेश के गुना में रविवार सुबह से करीब दो इंच बारिश हो चुकी है। पुरानी छावनी में सड़कों पर पानी भर गया है। लोग जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी बंद है। झांसी में भारी बारिश के चलते सिलगुवां गांव का नाला उफान पर है। इससे रपटे पर पानी आ गया और स्कूल गए बच्चे दूसरी ओर फंस गए थे।

झांसी के गुरसराय के सुट्टा गांव की पुख्खन देवी (65) ससोर नाले के पास अपने बेटे गजराज अहिरवार (45) के साथ बगिया में रहती हैं। शनिवार शाम को ससोर नाला उफना गया। इससे बगिया के चारों ओर पानी भर गया और मां-बेटे फंस गए। सूचना पर पूरा गांव मौके पर पहुंचा। पुलिस-प्रशासन को सूचना दी। करीब 7 घंटे तक रेस्क्यू चला। गोताखोर नाव लेकर पहुंचे। रात करीब 2 बजे नाव में मां-बेटे और उनके पशुओं को बैठाकर सकुशल बाहर निकाला गया।

## बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान में नेपाली और बांग्लादेशी मिले : अधिकारी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

निर्वाचन आयोग के क्षेत्रीय अधिकारियों ने बिहार में मतदाता सूची के जारी के गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत घर-घर जाकर जांच की और इस दौरान ''बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा'' के लोग मिले हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उचित जांच के बाद 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे।

रिपोर्ट का हवाला देते हुए, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि घर-घर जाकर की गई जांच के दौरान बूथ श्तर के अधिकारियों को ''बड़ी संख्या में'' नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा के लोग मिले हैं। निर्वाचन आयोग अंततः पूरे भारत में मतदाता सूचियों का एक विशेष गहन पुनरीक्षण करेगा ताकि विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्मस्थान की जांच करके उन्हें बाहर निकाला जा सके।

बिहार में इसी साल चुनाव होने वाले हैं, जबकि अन्य पांच राज्यों असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। हाल में विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमा सहित अवैध विदेशी प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के बाद यह कदम खास महत्व रखता है।

## निर्वाचन आयोग ने पूरे देश में मतदाता सूची के पुनरीक्षण की तैयारी शुरू की

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

निर्वाचन आयोग ने बिहार की तरह ही अगले महीने अखिल भारतीय श्तर पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने के लिए सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सक्रिय कर दिया है।

कई विपक्षी दलों और अन्य लोगों ने इस व्यापक प्रक्रिया को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था और कहा था कि इससे पात्र नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित होना पड़ेगा। कुछ राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ)ने अपने-अपने राज्यों में पूर्व में किये गए विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को जारी करना शुरू कर दिया है।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम बार व्यापक पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में, आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण 2006 में हुआ था और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में पिछला विशेष गहन पुनरीक्षण, आधार तिथि के रूप में काम करेगा, क्योंकि निर्वाचन आयोग बिहार की 2003 की मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कर रहा है।




अधिकांश राज्यों ने 2002 और 2004 के बीच मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण किया था। एक अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन अधिकारी 28 जुलाई के बाद राष्ट्रव्यापी पुनरीक्षण पर अंतिम फैसला लेंगे, जब बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण से संबंधित मामला शीर्ष अदालत में फिर से सुनवाई के लिए आएगा। निर्वाचन आयोग ने घोषणा की है कि वह अंततः पूरे भारत में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा करेगा, ताकि विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्म स्थान की जांच करके उन्हें हटाया जा सके।

बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं, जबकि पांच अन्य राज्यों – असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 में होंगे।

यह कदम बांग्लादेश और म्यांमा सहित विभिन्न राज्यों में अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

## मिजोरम के लोगों का भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ने का सपना पूरा



✷ वेबवार्ता. आईजोल ✷

पूर्वोत्तर के मिजोरम राज्य में रेल संरचना का कार्य पूरा हो गया है और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही इस खंड पर रेल को हरी झंडी दिखाकर आईजोल के नागरिकों का भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ने का सपना पूरा कर देंगे।

मिजोरम अब तक बैरवी तक भारतीय रेल से जुड़ा है लेकिन अब बैरवी से आईजोल तक रेल लाइन पर काम लगभग पूरा हो गया है और इसे हरी ठंडी दिखाने का इंतजार है। अधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री ने ही इस लाइन का शिलान्यास किया था और अब उम्मीद है कि वही हरी झंडी दिखाकर इस मार्ग पर रेल संचालन की भी शुरुआत भी करेंगे।

परियोजना के मुख्य इंजीनियर विनोद कुमार का कहना है कि बैरवी-सारंगी रेल लाइन पर निर्माण का काम पूरा हो चुका है। रेलगाड़ी के संचालन के लिए यह खंड अब पूरी तरह से तैयार है। इस खंड के निर्माण पर करीब 11 साल का वक्त लगा है। बैरबी-साइरंग तक की परियोजना के निर्माण में चुनौतियां कई तरह की रहीं लेकिन परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने इन चुनौती की परवाह किये बिना इस काम को सफलतापूर्वके पूरा किया है। उन्होंने बताया कि 51 किमी लंबे बैरबी-साइरंग खंड पर 153 पुल हैं जिनमें 55 बड़े पुल हैं, जिनमें 6 पुलों की ऊँचाई कुतुबमीनार से भी ज्यादा है। इस खंड पर 10 पुल सड़कों के ऊपर भी बने हैं। मार्ग पर कुल 48 सुरंगे बनाई गई है। उनका कहना था कि आईजोल तक रेल मार्ग बनने से बैरबी आईजोल के बीच की दूरी 8 से 10 घंटे के सड़क मार्ग की महज करीब 3 घंटे में पूरी की जा सकेगी। श्री कुमार के अनुसार सैइरंग स्टेशन के पास बना पूंक्र 124 मीटर ऊंचा है। राष्ट्रीय राजमार्ग से इसकी खूसरती देखते ही बनती है। इसकी लम्बाई 378 मीटर है।

बैरबी साइरंग रेलमार्ग निर्माण की संश्तुति 2008-9 में मिली थी। बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मार्ग के निर्माण की आधारशिला रखी और कई चुनौतियों के बाद इस मार्ग पर अब काम पूरा हो चुका है। निर्माण कार्य से जुड़े इंजीनियरों का कहना है कि कि यहां निर्माण सामग्री के लिए पूरी तरह से बाहरी क्षेत्रों पर निर्भर रहना पड़ता है और गिट्टी कंक्रीट जैसी सामग्री झारखंड असम पश्चिम बंगाल आदि क्षेत्रों से मांगनी पड़ती है। उनका यह भी कहना था यहां पर कुशल और अकुशल दोनों तरह के श्रमिकों की कमी रही है और श्रमिकों की कमी के कारण काम को पूरा करना ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा है। बाहर के श्रमिक ज्यादा देर तक टिक नहीं पा रहे थे।

## कोर्ट ने कानूनी सलाह देने वाले वकीलों को ईडी के तलब करने पर स्वत: संज्ञान लिया

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

उच्चतम न्यायालय स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामले की सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें जांच एजेंसियों द्वारा उन वकीलों को तलब करने का मुद्दा शामिल है जो पक्षकारों को राय देते हैं और मुकदमों में उनका प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।

यह मामला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा वरिष्ठ वकीलों अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किए जाने के मद्देनजर आया है। हालांकि, 20 जून को ईडी ने अपने जांच अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे उन वकीलों को समन जारी नहीं करें जिनके मुवक्किलों के खिलाफ धन शोधन जांच की जा रही है।

वकीलों ने केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड को रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की पूर्व अध्यक्ष रश्मि सलूजा को दी गई कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजना पर कानूनी सलाह दी थी। 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन' (एससीबीए) और 'सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन' (एससीएओआरए) ने इस समन की निंदा की और इसे ''परेशान करने वाली प्रवृत्ति'' बताया जिसने कानूनी पेशे की नींव पर प्रहार किया है। बार संघों ने सीजेआई से इस मामले का स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया था। यह आदेश शीर्ष अदालत द्वारा गुजरात के एक वकील की याचिका पर सुनवाई के दौरान आया, जिसमें 12 जून को दिए गए उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती दी गई थी।

## तमिलनाडु में डीजल से लदी मालगाड़ी के 18 डिब्बों में आग लगी



✷ वेबवार्ता. चेन्नई ✷

दक्षिण रेलवे के चेन्नई बीच-अरक्कोणम खंड पर तिरूवल्लुर स्टेशन के पास रविवार को डीजल से लदी मालगाड़ी के कम से कम 18 टैंकरों में आग लग गयी और कई टैंकर पटरी से उतर गए जिसके कारण कई एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द करना पड़ा।

दक्षिण रेलवे के सूत्रों के मुताबिक आज सुबह लगभग 05:30 बजे चेन्नई हार्बर से वालाजाह रोड साइडिंग जा रही डीजल से लदी मालगाड़ी के बीच के टैंकर में आग लग गयी तथा कई अन्य टैंकर पटरी से उतर गए। आग से पूरे इलाके में काला धुआं भर गया और प्रशासन ने स्थानीय लोगों को वहां से सुरक्षित निकालने का प्रयास शुरू कर दिया।

इंजन के बाद तीसरे टैंकर में आग लग गयी जो 19वें टैंकर तक फैल गयी। लोको पायलट ने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और तिरुवल्लूर के स्टेशन मास्टर ने एहतियाती सुरक्षा उपाय के रूप में ओवरहेड बिजली आपूर्ति बंद कर दी।

मौके पर पहुंचे अग्निशमन दलों ने करीब आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। राहत और बचाव कार्य तथा पटरियों की मरम्मत युद्धश्तर पर जारी है।

सूत्रों ने बताया कि दक्षिण रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक, जिला प्रशासन, एनडीआरएफ और अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं के साथ निकट समन्वय में बचाव और बहाली कार्यों की निगरानी के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। ऐहतियात के तौर पर आसपास के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। चेन्नई जाने वाले आस-पास के स्टेशनों और राश्ते में रुकी ट्रेनों में फंसे यात्रियों को मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एमटीसी) की बसों के माध्यम से वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था प्रदान की गयी। घटना के बाद चेन्नई सेंट्रल से शुरू होने वाली या वहां समाप्त होने वाली कुल 12 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया और कई अन्य ट्रेनों का या तो मार्ग बदल दिया गया या उन्हें समय से पहले ही समाप्त कर दिया गया है।

## जम्मू-कश्मीर के नेताओं को नज़रबंद किया गया

✷ वेबवार्ता. श्रीनगर ✷

जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस समेत कई नेताओं को रविवार को नजरबंद कर दिया गया।ये लोग वर्ष1931 में तत्कालीन शासन के खिलाफ हुए एक विरोध प्रदर्शन में मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए वहां जाना चाहते थे।

प्रशासन ने नौहट्टा क्षेत्र में बने कब्रिश्तान मज़ार-ए-शोहदा की ओर जाने वाले सभी राश्तों को सील कर दिया और कई संवेदनशील इलाकों में पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की भारी टुकड़ियां तैनात कर दीं।श्रीनगर जिला प्रशासन ने कल शाम राजनीतिक दलों को वहां जाने की अनुमति देने से मना करते हुए आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रतिबंधों की निंदा करते हुए इसे 'पूरी तरह से अलोकतांत्रिक' बताया। श्री अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अलोकतांत्रिक कदम उठाते हुए लोगों को घरों में बंद कर दिया गया है। जिससे कि लोग ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण कब्रिश्तान में नहीं जा सकें। यहां उनकी कब्रें हैं जिन्होंने कश्मीरियों को आवाज़ देने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए जान दे दी। उन्होंने कहा कि वह नहीं जानते कि पुलिस आखिर किस बात से इतना डरती है।

वह पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक तनवीर सादिक की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। श्री सादिक ने कहा था कि नेताओं को उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा,“ वर्ष 1931 में जान कुर्बान करने वालों को गलत तरीके से बदनाम किया जा रहा है और 13 जुलाई का नरसंहार कश्मीर का जलियांवाला बाग है।

## शुभांशु शुक्ला और 'एक्सिओम-4' अंतरिक्ष यात्रियों के लिए दावत एवं विदाई का समय

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन के गहन वैज्ञानिक प्रयोगों के बाद शुभांशु शुक्ला और 'एक्सिओम-4' मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के लिए विदाई और दावत का समय आ गया है, जो सोमवार को पृथ्वी के लिए अपनी वापसी यात्रा शुरू करने को तैयार हैं।

'एक्सिओम-4' (एक्स-4) चालक दल के विभिन्न अनुसंधान पूरे होने के करीब हैं और इसमें शामिल अंतरिक्ष यात्री सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 7:05 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 4:35 बजे) से आईएसएस से धरती के लिए बाहर निकलने की तैयारी कर रहे हैं।

चालक दल में कमांडर पैगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु 'शुक्स' शुक्ला और मिशन विशेषज्ञ स्लावोज़ 'सुवे' उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की तथा टिबोर कापू शामिल हैं।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पृथ्वी पर वापसी.... भारतीय समयानुसार 15 जुलाई को अपराह्न 3:00 बजे निर्धारित है।''

'एक्सिओम-4' चालक दल के लिए औपचारिक विदाई समारोह भारतीय समयानुसार रविवार शाम के लिए निर्धारित है।

मिशन के पूर्ण होने की घड़ी नजदीक आते ही आईएसएस पर अंतरिक्ष यात्री अपने छह देशों के विविध व्यंजनों के साथ भोज के लिए एकत्र हुए। वर्तमान में, आईएसएस पर 11 अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनमें से 'एक्सपीडिशन 73' के सात और 'एक्सिओम-4' वाणिज्यिक मिशन के चार अंतरिक्ष यात्री हैं।

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री जॉनी किम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''इस मिशन पर मेरी सबसे अविस्मरणीय शामों में से एक, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर नए दोश्तों, एक्स-4 के साथ भोजन करना है।''

उन्होंने कहा, ''हमने कहानियां साझा कीं और इस बात से प्रसन्न हुए कि किस प्रकार विविध पृष्ठभूमियों एवं देशों के लोग अंतरिक्ष में मानवता का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक साथ आए।'' किम ने बताया कि अंतरिक्ष यात्रियों ने मीठी ब्रेड, दूध और अखरोट से बने स्वादिष्ट केक के साथ रात्रि का समापन किया।

## तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी बार्डर थाना पुलिस ने शनिवार रात चेकिंग के दौरान सेवा धाम क्षेत्र से एक बदमाश को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। लोनी बार्डर पुलिस टीम शनिवार रात सेवाधाम क्षेत्र में निजी अस्पताल के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध को रोककर तलाशी ली। तलाशी में उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने संदिग्ध को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजू उर्फ राजकुमार निवासी गाव जावली छपरौला मोहल्ला थाना टीला मोड बताया।

## चोरों ने घर से नकदी और आभूषण चुराए

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी थाना क्षेत्र की इंद्रप्रस्थ कालोनी में चोरों ने 30 जून को घर से नकदी व आभूषण चुरा लिये। घटना के समय पीड़ति परिवार समेत पैतृक गांव मां के अंतिम संस्कार में गया था। पीड़ति की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इंद्रप्रस्थ कालोनी निवासी पंकज कुमार की मां का देहांत 23 जून को हो गया था। वह परिवार के साथ अपने पैतृक गांव गये थे। घर पर किराएदार के साले को छोड़ गए थे। उन्होंने बताया कि 30 जून को किराएदार आनंद कुमार ने फोन करके बताया कि घर में चोरी हो गई है। 11 जुलाई को घर लौटने के बाद उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोर घर से नकदी और आभूषण ले गए हैं।

## विवाहिता की फंदा लगाकर हत्या करने का आरोप

✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷। रिठौरी गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की फंदा लगाकर हत्या कर दी गई। मृतका के पिता ने महिला समेत तीन के खिलाफ दादरी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस की जांच में लगी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बुलंदशहर के भैलई गांव निवासी ऋषि पाल सिंह परिवार के साथ रहते हैं। उनकी बेटी श्वेता की शादी दादरी कोतवाली क्षेत्र के रिठौरी गांव निवासी पंकज के साथ हुई थी। शादी के बाद से उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। इसकी शिकायत पीड़िता ने कई बार अपने मायके में भी की। नौ जुलाई की रात करीब 10 बजे उसकी फंदा लगाकर हत्या कर दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतका के पिता ने पंकज, उनकी माता व पिता के खिलाफ दहेज की मांग पूरी न होने को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## ऑटो चालक के साथ मारपीट

✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷। दादरी क्षेत्र के चिटहेरा गांव में चालक के साथ ऑटो मालिक द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। इससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस ने की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चिटहेरा गांव में हरेंद्र परिवार के साथ रहते हैं। वह गांव के ही अभिषेक का ऑटो किराए पर चलाते हैं। अभिषेक अक्सर उन पर जबरन ऑटो चलाने तथा मना करने पर अभद्रता व मारपीट करता है। इससे तंग आकर नौ जुलाई को उन्होंने ऑटो चलाने से मना कर दिया। इससे गुस्साए आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी।

## एडवांस में दी रकम वापस मांगने पर धमकी

✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷। सेक्टर ज्यू-2 में किराए का मकान दिलाने के लिए एडवांस में दी गई रकम मांगने पर किराएदार के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सेक्टर ज्यू-2 में दीपक भाटी परिवार के साथ किराए के मकान में रहते हैं। सतीश कुमार राणा प्रॉपर्टी डीलर है। उसने पीड़ित को मकान किराए पर दिलाया था। 18 हजार रुपये एडवांस मकान मालिक के नाम पर लिए गए। 13 हजार रुपए बिजली के बिल के लिए गए। मकान को खाली करने पर सतीश ने फोन कर मकान मालिक के पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहा। पीड़ित ने एडवांस और बिजली के बिल की रकम 31 हजार रुपए बताई और किराये का पैसा उसमें से काट लेने के लिए कहा। इससे नाराज सतीश ने उसे गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी।

## बिजली-पानी नहीं, फूटा गुस्सा

✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷। ग्रेनो स्थित इरोज संपूर्ण सोसाइटी के लोगों ने रविवार को बिजली-पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और सेल्स हेड बाबिश कुमार को बिल्डर के नाम ज्ञापन सौंपा। निवासियों ने चेतावनी दी कि यदि शुक्रवार तक सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ।

# जम्मू-कश्मीर में शहीदों के कब्रिस्तान की तरफ जाने वाली सड़कें सील, एनसी के नेता नजरबंद

**श्रीनगर , एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने रविवार को शहर के नौहट्टा इलाके में शहीदों के कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सभी सड़कों को सील कर दिया। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस ने दावा किया कि उसके कई नेताओं को नजरबंद कर दिया गया है। शहीद दिवस पर कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के मद्देनजर श्रीनगर शहर के सभी प्रवेश मार्गों पर भारी संख्या में पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि केवल अधिकारियों और सुरक्षाबलों के वाहनों को ही प्रवेश मार्गों पर लगाए गए अवरोधक को पार करने की अनुमति दी गई है।

एनसी ने श्रीनगर के जिलाधिकारी से 13 जुलाई 1931 के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने की इजाजत देने का अनुरोध किया था। हालांकि, जिला प्रशासन ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। श्रीनगर पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सार्वजनिक परामर्श जारी कर कहा, 'श्रीनगर जिला प्रशासन ने 13 जुलाई 2025 को ख्वाजा बाजार, नौहट्टा की ओर जाने का अनुरोध करने वालों को इजाजत देने से इनकार कर दिया है।' पुलिस ने कहा कि आम




जनता को सलाह दी जाती है कि वे इन निर्देशों का सख्ती से पालन करें और जिला प्रशासन के आदेशों का उल्लंघन करने से बचें। पुलिस ने आगाह किया कि इन आदेशों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन करने पर कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अनुमति न दिए जाने को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि 13 जुलाई कोई आम तारीख नहीं है। सादिक ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'यह सम्मान, न्याय और अधिकारों को हासिल करने के लिए दिए गए बलिदानों की याद दिलाता है।' सादिक ने कहा कि कश्मीर के लोग दृढ़ संकल्प के साथ अपने शहीदों का सम्मान करते रहेंगे। अगस्त 2019 में तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठित किए जाने से पहले 13 जुलाई को जम्मू और कश्मीर में सार्वजनिक अवकाश होता था। तत्कालीन डोगरा शासक महाराजा हरि सिंह की सेना की ओर से शहीद किए गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने के वास्ते प्रतिवर्ष राजकीय समारोह आयोजित किया जाता था। हालांकि, प्रशासन ने 2020 में इस दिन को राजपत्रित छुट्टियों की सूची से हटा दिया।

इस दिन यहां के नेता भी शहीदों की कब्र पर जाकर उन कश्मीरियों को श्रद्धांजलि देते थे, जो महाराजा के शासन का विरोध करते हुए डोगरा सेना की गोलियों का शिकार हुए थे। इस बीच, सादिक ने एक्स पर किए एक अन्य पोस्ट में दावा किया कि पार्टी के कई नेताओं को नजरबंद किया गया है। उन्होंने कहा, 'कल रात से मुझे और पार्टी के मेरे कई सहयोगियों को नजरबंद किया गया है। ऐसी कार्रवाई न केवल अनावश्यक है बल्कि अनुचित और अत्यंत असंवेदनशील भी है।'

## फोटो खिंचवाते समय पत्नी ने पति को दिया धक्का, कृष्णा नदी से लोगों ने निकाला

**गुरजापुर बैराज , एजेंसी।** कर्नाटक में कृष्णा नदी में एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि फोटो खिंचवाने के दौरान उसकी पत्नी ने उसे नदी में धक्का दे दिया। यह घटना कर्नाटक के रायचूर जिले में गुरजापुर पुल औरबैराज के पास हुई। वह कृष्णा नदी के बीच फंसा हुआ जोर-जोर से चिल्ला रहा था बचाओ भाई! पकड़ो उसे! किसी को बुलाओ! प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो उसकी पत्नी ने फोटो खींचते समय नदी में धक्का दिया था।

यह घटना गुरजापुर बैराज के पास हुई, जहां पति-पत्नी फोटो लेने के लिए रुके थे। नदी के किनारे चट्टानों पर खड़े होकर वे फोटो खींच रहे थे कि तभी व्यक्ति नदी में जा गिरा। स्थानीय लोगों ने उसकी चीखें सुनकर तत्काल मदद की। एक वायरल वीडियो में महिला कहती है, मैंने उसे नहीं धक्का दिया। हम फोटो खींच रहे थे, वो खुद फिसल गया। वह नदी के बीच एक चट्टान पर खड़ा बचाव के लिए चिल्ला रहा था।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाला नया रोड कब तक होगा तैयार? 4 वजहों से हो रही देरी

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर-145 नलगढ़ा के पास से हिंडन पुल के जरिए ग्रेटर नोएडा के एलजी चौक तक बनने वाला नया रोड अगले साल मार्च तक पूरा होगा। हिंडन पर पुल बनने के काम की रफ्तार बेहद धीमी है, जिसकी वजह से परियोजना को पूरा होने में समय लग रहा है। पुल के एक तरफ नोएडा प्राधिकरण और दूसरी तरफ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एप्रोज रोड बनाने का काम कर रहे हैं, जबकि हिंडन पर पुल बनाने का काम सेतु निगम के पास है। नोएडा प्राधिकरण की तरफ से सड़क बनाने का काम इस साल अक्टूबर तक



पूरा कर लिया जाएगा। 850 मीटर की अप्रोच रोड बनाई जा रही है। यह सड़क हिंडन पुल से ग्रेटर नोएडा के एलजी चौक से आने वाले ट्रैफिक को सेक्टर-145 की 45 मीटर रोड से जोड़ देगी। डूब क्षेत्र और नदी के किनारे की इस सड़क पर जल निकासी के लिए नाले बनवाए जा रहे हैं। हिंडन पर बन रहे पुल का काम 2019 से बंद था। नवंबर-2023 से इस पुल का काम दोबारा शुरू हुआ। 50 मीटर हिस्से में सड़क बनाने का काम बाद में किया जाएगा। पुल के ढलान को मिलाने के लिए इस हिस्से में सड़क बाद में बनेगी। नोएडा प्राधिकरण करीब 32 करोड़ रुपये की लागत से सड़क बनवा रहा है। दूसरी तरफ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अपने हिस्से में सड़क बनाने के लिए पूरी जमीन का अधिग्रहण नहीं कर सका है। कुछ ही हिस्से में सड़क बनाने का काम चल रहा है। हालांकि, पुल बन जाने पर कच्चे रास्तों से वाहन नोएडा-ग्रेटर नोएडा की तरफ आ-जा सकेंगे। हिंडन पर पुल बनाने का काम सेतु निगम के पास है। यहां काम की रफ्तार काफी धीमी है। करीब 68 प्रतिशत ही काम पूरा हो सका है। यह पुल 200 मीटर लंबा और छह लेन का बनाया जा रहा है। इस पर करीब 70 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित है। सेतु निगम की ओर से निर्माण कार्य की लागत बढ़ाने के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को पत्र भेजा जा चुका है। खर्च को नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण 50-50 मिलकर वहन करेंगे। पुल बनाने का काम पूरा होने में कम से कम आठ महीने का समय और लगेगा। ऐसे में अगले साल मार्च तक ही नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच नए रास्ते का फायदा वाहन चालकों को मिल पाएगा। अभी नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच अधिकांश ट्रैफिक नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, डीएससी और 130 मीटर रोड के जरिए आता-जाता है।

# पहली बार ड्रोन से दवा का किया गया छिड़काव

✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷

द्वारिकेश शुगर मिल अफजलगढ़ के नेतृत्व में गांव भज्जावाला में स्थित एक किसान के कृषि प्रक्षेत्र में ड्रोन से दवा का छिड़काव किया गया। ड्रोन से दवा का छिड़काव करते समय आसपास के किसान मौजूद रहे। वही द्वारिकेश शुगर मिल अफजलगढ़ द्वारा एक किसान के कृषि प्रक्षेत्रों में ड्रोन से दवा का छिड़काव कराने का निर्देश दिया गया।

शुगर मिल अफजलगढ़ के गन्ना महाप्रबंधक डॉ रजनीश कुमार के नेतृत्व में गांव भज्जावाला में स्थित किसान मनोहर सिंह के खेत में ड्रोन से दवा का छिड़काव को देखने और इसके तकनीक को समझने के लिए 100 से भी अधिक किसान मौजूद रहे।

शुगर मिल अफजलगढ़ के गन्ना महाप्रबंधक डॉ रजनीश कुमार ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि फसलों की सुरक्षा और पैदावार बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर कृषि में



ड्रोन से दवा छिड़काव का एक तरीका अपनाया गया है।

ड्रोन की मदद से किसान कम समय में बड़े क्षेत्र में दवा का छिड़काव कर सकते हैं। ड्रोन से दवा छिड़काव की तकनीक स्मार्ट खेती का एक अहम हिस्सा साबित होगा। बताया गया कि ड्रोन से दवा छिड़काव से समय व पानी की बचत होती ही है। साथ ही ड्रोन से दवा छिड़काव से फसलों में कीटनाशक का छिड़काव सही तरीके से हो पाता है।

ड्रोन एक बार में 15-20 लीटर कीटनाशक और फ़फूंदनाशक आदि लेकर उड़ने में सक्षम है। ड्रोन से एक दिन में 30-40 एकड़ में कीटनाशक का छिड़काव किया जा सकता है। वही शुगर मिल महाप्रबंधक उमेश कुमार ने कहा कि शुगर मिल अफजलगढ़ हमेशा क्षेत्रीय किसानों की भलाई के बारे में अच्छी सोच रखती है। किसानों को उनकी फसलों की अच्छी पैदावार बढ़ाने को लेकर हमेशा जागरूक करने का काम करती रहती है।

उन्होंने ड्रोन से दवा छिड़काव के बारे में जानकारी दी। तथा खेतों के दौरान लगने वाले समय के बारे में किसानों को बताते हुए कहा कि ड्रोन से दवा छिड़काव के दौरान किसानों को समय की बचत के बारे में जागरूक किया।

ड्रोन से दवा छिड़काव के दौरान शुगर मिल महाप्रबंधक उमेश कुमार के आलावा गन्ना महाप्रबंधक डॉ रजनीश कुमार,किसान अमरीक सिंह,पूर्व प्रधान नत्थू सिंह,सुखविंदर सिंह,सुखवीर सिंह,विपिन कुमार, हरविंदर सिंह,अनिल धनकर, विनय सिंह, हरीश कुमार, भूषण कुमार उपस्थित रहे।

## शहर के विकास के लिए निर्माण कार्यों में लेट लतीफी अब पड़ेगी भारी

✷एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

शहर के सतत और सुव्यवस्थित विकास के लिए नगर निगम अलीगढ़ ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए निर्माण कार्यों से संबंधित व्यापक और कठोर नियमों की नई श्रृंखला को लागू किया है।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा अनुमोदित इन दिशा-निर्देशों का मूल उद्देश्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना, कार्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करना तथा ठेकेदारों की जवाबदेही तय करना है। नगर निगम द्वारा लिए गए इस निर्णय से शहर में चल रहे सभी प्रकार के निर्माण कार्यों में अनुशासन, पारदर्शिता और तकनीकी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।नगर आयुक्त ने बताया कि अब नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा प्रत्येक कार्य से पहले ठेकेदार से यह सुनिश्चित कराया जाएगा कि वे नए नियमों का पालन करने को बाध्य होंगे।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने स्पष्ट किया कि इस नई व्यवस्था से निर्माण कार्यों में तेजी आने के साथ-साथ मानक गुणवत्ता में पारदरिशता आने के कारण जन आकांक्षाओं के अनुरूप शहर में विकास कार्य हो सकेंगे। उन्होंने कहा इस नई व्यवस्था से नगर निगम अब निर्माण में लेट लतीफी, अनुबंध में देरी,




घटिया सामग्री का प्रयोग, रखरखाव में लापरवाही जैसी समस्याओं को सख्ती से रोकेगा। नगर आयुक्त ने कहा नई व्यवस्था से निर्माण कार्यों में पारदर्शिता आने के साथ-साथ निर्धारित समय अवधि में शहर में चौमुखी विकास कार्यों को गति मिलेगी।

महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा इस नई प्रणाली के लागू होने से अलीगढ़ नगर निगम की निर्माण प्रक्रिया में बुनियादी सुधार होगा। जहां एक ओर समयबद्ध कार्य होंगे, वहीं दूसरी ओर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। ठेकेदारों की जवाबदेही बढ़ेगी, भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और नागरिकों को मजबूत, टिकाऊ निर्माण कार्य होंगे।

# यूपी में एनडीए सहयोगी दलों ने तेज की आरक्षण की मांग

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में अगला विधानसभा चुनाव अभी कुछ समय दूर है, लेकिन एनडीए के सहयोगी दलों ने अपनी सियासी ताकत दिखानी शुरू कर दी है। इसके लिए आरक्षण से जुड़े मुद्दे को जोरशोर से उछाला जा रहा है। निषाद पार्टी के नेता और मंत्री संजय निषाद ने कहा कि निषाद समुदाय को अनुसूचित जाति (स्ष्ट) आरक्षण सूची में शामिल किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा न करने से गठबंधन की 2027 की चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुंच सकता है। संजय निषाद ने कहा, जब राम मंदिर और अनुच्छेद 370 जैसे बड़े मुद्दों का समाधान हो चुका है, तो निषादों को एससी का दर्जा देना कोई मुश्किल काम नहीं होना चाहिए।



सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता और मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी अन्य पिछड़ा वर्ग में उप-वर्गीकरण का मुद्दा उठाया है। उन्होंने रोहिणी आयोग की रिपोर्ट को उत्तर प्रदेश में लागू करने की मांग की है। राजभर ने इकोनॉमिक टाइम्स से कहा, कुछ ही जातियां 27त्न ओबीसी कोटे का पूरा लाभ ले रही हैं। सुप्रीम कोर्ट से कोटे के भीतर कोटा की इजाजत मिल चुकी है। हरियाणा ने इसे लागू भी कर दिया है तो यूपी में क्यों नहीं? राजभर ने यह मुद्दा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने उठाया है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की योजना बना रहे हैं।

इसके अलावा, ओम प्रकाश राजभर की नजर अब मऊ सदर विधानसभा सीट पर है, जो उनके पार्टी विधायक अब्बास अंसारी की सजा के बाद खाली हो गई है। चर्चा है कि वे इस सीट पर अपने बेटे अरविंद राजभर को उतारना चाहते हैं। सुभासपा चीफ ने कहा, मुस्लिमों के बाद राजभर मऊ सदर में सबसे बड़ा समूह हैं, करीब 80 हजार। हम इस सीट पर चुनाव लड़ेंगे। इस बीच, अपना दल के आशीष पटेल ने भी हाल ही में राज्य सरकार के साथ कुछ मुद्दे उठाए हैं, जो गठबंधन के भीतर तनाव के संकेत दे रहे हैं।

## रमाकांत उपाध्याय ने भाजपा संगठन मंत्री के आवास पर दिवंगत माता का दी श्रद्धांजलि

**एनसीआर टुडे. नगीना।** रमाकांत उपाध्याय उत्तर प्रदेश सरकार गौसेवा आयोग का सदस्य व उनकी टीम प्रदेश महामंत्री (संगठन) भाजपा उ.प्र. धर्मपाल सिंह के पैतृक गांव हुर नंगला उर्फ बेगमपुर हरे, नगीना, जनपद- बिजनौर पहुँचकर उनकी दिवंगत पूज्य माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं,प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

# गुरुग्राम के सोहना की अवैध कॉलोनी में 200 घरों पर चलेंगे बुलडोजर, ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम के सोहना शहर के वार्ड 13 में स्थित हरियाणा टूरिज्म निगम की करीब साढ़े नौ एकड़ जमीन पर बसी अवैध कॉलोनी पर जल्द ही बुलडोजर चलेगा। पर्यटन निगम की मांग पर जिला उपायुक्त ने इसके लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी है और पुलिस सहायता मिलते ही निगम द्वारा इस अवैध कॉलोनी में बने करीब 200 मकानों को ध्वस्त किया जाएगा।

अरावली पहाड़ी से सटी वार्ड नंबर 13 में हरियाणा टूरिज्म निगम की यह जमीन पिछले करीब 15 वर्षों से अवैध रूप से बसी हुई थी। इन अवैध मकानों में रहने वाले परिवारों ने पक्के मकानों के साथ-साथ झोपड़ियां और पशुपालन के आशियाने भी बना रखे थे। हालांकि, इन परिवारों के मुखिया पर्यटन विभाग के खिलाफ अदालत में चल रहे मामलों में हार चुके हैं। अदालत ने इस कॉलोनी को तोड़ने के आदेश जारी किए हैं।

बार्बेट कॉम्प्लेक्स सोहना के प्रबंधक सुनील शर्मा ने बताया कि जिला उपायुक्त ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस बल मिलने के साथ ही निगम की जमीन पर बसी इस कॉलोनी को ध्वस्त किया जाएगा। बता दें कि, एक दिन पहले ही सोहना के गांव टोलनी में अवैध रूप से फार्म हाउस कॉलोनियां काटने के आरोप में बिल्डर, एजेंट के अलावा तहसीलदार और पटवारी समेत आठ लोगों के खिलाफ थाना डीएलएफ फेज-2 में दो मामले दर्ज हुए हैं। किसी भी मामले में अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। यह मामले अदालत के आदेश पर दर्ज हुए हैं। पहला मुकदमा शिकायतकर्ता वरिष्ठ नागरिक सुरवीना भल्ला की शिकायत पर दर्ज हुआ। शिकायत में उसने बताया कि दिसंबर, 2020 में उन्हें दो रियल एस्टेट एजेंट ने संपर्क किया। गांव टोलनी में फार्म हाउस खरीदने की बात कही। उन्हें फार्म हाउस के ब्रॉशर दिखाए। इस फार्म हाउस कॉलोनी को बिल्डर हरि दास गुप्ता और उनकी पत्नी राजबाला की तरफ से काटा जा रहा था । फरवरी, 2021 में उन्होंने 1.30 करोड़ रुपये देकर 16 कनाल भूमि खरीदी। करीब



22 करोड़ रुपये निवेश करके फार्म हाउस बनाना शुरू कर दिया। 15 जून, 2021 को नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने उनके फार्म हाउस को मलबे में मिला दिया। दूसरा मुकदमा 58 वर्षीय अमित बंगा की शिकायत पर दर्ज हुआ है। उसने बताया कि जनवरी, 2020 में हरिदास गुप्ता की कंपनी एमएस गोल्डकिस्ट डिवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड से फार्म हाउस निर्माण के लिए 2.94 करोड़ रुपये में जमीन खरीदी थी। फार्म हाउस कॉलोनी में गेट, चारदीवारी लगाए गए थे। बाद में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग में पता चला कि यह फार्म हाउस कॉलोनी अवैध रूप से विकसित की जा रही है। इसकी कोई मंजूरी नहीं ली गई है।

## कार और मोटरसाइकिल की आपसी भिड़ंत में गर्भवती महिला घायल

✷ एनसीआर टुडे. स्योहारा ✷। स्योहारा से मुरादाबाद मार्ग पर गांव वगवाड़ा की पुलिया के पास टू व्हीलर बाइक सवार को फोर व्हीलर गाड़ी घूमते समय टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पति और उसकी गर्ववती पत्नी चोटिल हो गए। प्राप्त समाचार के अनुसार जिन्हें उपचार के लिए रविवार दोपहर लगभग 12:30 बजे स्योहारा की ओर से बाइक सवार दीपक अपनी पत्नी रिंकी उम्र 25 वर्ष के साथ अपने गांव चंद्रपुर डीलारी की और मोटरसाइकिल से जा रहे था। अचानक मुरादाबाद मार्ग पर बगवाड़े के पास कार से टक्कर हो गई। जिससे दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। पत्नी लगभग सात माह गर्भवती बताई जा रही थी। जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में लाया गया। उपचार के बाद अधिक तबीयत खराब होते देख डॉक्टरों ने उन्हें आगे रेफर कर दिया।

## तीन भाईयों पर मारपीट का आरोप, पुलिस पर आरोपियों से हमसाज होने का आरोप लगाते हुए थाने पर किया हंगामा

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷। काम निपटाकर घर लौट रहे एक निजी कंपनी फिल्ड वर्कर के साथ गांव के तीन भाईयों ने मारपीट की। परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस पर आरोपियों से हमसाज होने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों का आरोप था कि आरोपी पहले भी तीन बार उस पर हमला कर चुके हैं लेकिन तहरीर देने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। तकीपुरा निवासी विनित पुत्र शेर सिंह एक निजी कंपनी में फिल्ड वर्कर है। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया कि शुक्रवार की देर शाम वह काम निपटाकर घर लौट रहा था। जब वह नवादा चौहान पहुंचा तो गांव के ही तीन भाई अंकुश, ज्ञानेन्द्र व निरंकार ने अपनी बाइक से उसकी बाइक में टक्कर मार दी। उसके साथ मारपीट की। लोगों को आता देख आरोपी कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि दोनों परिवारों में पहले से ही रंजीश है। मामले की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

## स्योहारा में हाजियों के इस्तकबाल में 'फिक्र-ए-ज़िंदगी' पर हुई तकरीर, मुफ्ती शाहिद ने दी नसीहत

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷। स्योहारा क्षेत्र अंतर्गत फैज़ुल्लापुर स्थित मदरसा दारुल उलूम कासमिया में हज करके लौटे हाजियों के इश्तकबाल में एक विशेष तक़रीर का आयोजन किया गया। प्रोग्राम का उनवान 'फिक्र-ए-ज़िंदगी' रखा गया, जिसमें हज के बाद की ज़िंदगी को बेहतर, सादा और अल्लाह की रज़ा के मुताबिक़ कैसे जिया जाए, इस पर विश्तार से रोशनी डाली गई। कार्यक्रम की सदारत अमरोहा से आए मेहमान-ए-ख़ुसूसी मुफ्ती शाहिद ने की। उन्होंने अपने बयानों में हज की अहमियत और उसके बाद एक मुसलमान की ज़िम्मेदारियों पर जोर दिया। मुफ्ती शाहिद ने कहा कि हज सिर्फ एक इबादत नहीं, बल्कि ज़िंदगी को बदलने वाला पैग़ाम है। उन्होंने हाजियों से अपील की कि वे अपने समाज और खानदान में नेक आमाल, सौहार्द और ईमानदारी की मिसाल बनें।

## साफ सफाई का रखा जायेगा पूरा ख्याल : अतुल भारती

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷। नगर के मोहल्ला चौधराना के वार्ड न. 03 मे सावन मास के प्रथम सोमवार को होने वाले विशाल भंडारे के का कार्यक्रम के लिए रखा गया सफाई का महत्वपूर्ण ध्यान। अतुल भारती ने नायब अरविन्द वाल्मीकि से बताया कि सफाई हमारे लिए महत्वपूर्ण कार्य है । ज़ब तक हम सफाई नहीं रखेगे तो हमारा देश भी साफ नहीं होगा और हम सफाई रखेगे तभी तो हम अपने देश को साफ व स्वच्छ बना पाएंगे। रुके हुवे नालो के पानी से अन्य बीमारी बन रही है। समय समय पर नालो की सफाई होती रहनी चाहिए। आपके कार्य मे कभी कोई शिकायत नहीं आयी है ऐसे ही आप अपने कार्य को करते रहे। सफाई का ठीक से ध्यान रखे सफाई के किये JCB, दो ट्रैक्टर ट्रॉली से किया गया सफाई का हुवा समाधान ।इसी मोके पर भारतीय जनता पार्टी के अतुल भारती मण्डल मंत्री अरविन्द वाल्मीकि, सोनू, अन्नू, अमन, रवि कुमार, जोनू, दिन्ने , आदि उपस्थित रहे।

## राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में किया वृक्षारोपण

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री जसवंत सैनी का नहटौर में पहुंचने पर स्वागत किया गया। राज्य मंत्री ने जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पौधारोपण किया। नहटौर के जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पहुंचे राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कॉलेज की व्यवस्थाओं को देखा। कॉलेज पहुंचने पर प्रबंधक संदीप जैन, दीपक जैन, शैलेंद्र कुमार जैन शैलू, सिद्धांत जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, महावीर सैनी, संजीव त्यागी महुआ, पंकज जैन, अंशित जैन आदि ने स्वागत किया।

## डॉ. ए,के दक्ष के आवास पर कई राजनीतिक हस्तियों का जोरदार स्वागत

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷। दक्ष हॉस्पिटल के (एम.डी.) एवं रा. प्र. महासभा बिजनौर के जिलाध्यक्ष डॉ.ए.के. दक्ष के आवास पर भाजपा सरकार में होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री डॉ धर्मवीर प्रजापति, पूर्व एमएलसी व पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ लोकेश प्रजापति साथ में समय सिंह सैनी व उत्तराखंड सरकार में माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री) माननीय शोभाराम प्रजापति साथ में सुंदरलाल प्रजापति डॉ देवराज सिंह प्रजापति का भव्य स्वागत हुआ। राष्ट्रीय प्रजापति महासभा बिजनौर के जिलाध्यक्ष डॉक्टर ए के दक्ष, हिन्दू संगठन के जिला प्रभारी बृजपाल सिंह प्रजापति , एड. नकुल आर्य, एड आर.के. आर्य, वरिष्ठ पत्रकार पंकज दक्ष, राजकुमार प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, पंकज प्रजापति विकुल चौधरी अभिषेक सैनी प्रशांत सैनी, रवि प्रजापति, विपिन प्रजापति, करण सिंह सैनी, फूलवती दक्ष, संजीता प्रजापति, गोलू दक्ष, अलका, शिवानी, निशा आदि समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने मंत्रियों को गुलदश्ता भेंट कर एवं फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया।

# योगशाला के रजिस्ट्रार से 31 लाख की ठगी

- निवेश पर भारी मुनाफे का लालच देकर जालसाजों ने दिया वारदात को अंजाम
- विदेशी युवती की नाम से ID बना सोशल मीडिया के जरिए किया संपर्क

✷ एनसीआर टुडे. नोएडा ✷

विदेशी युवती से सोशल मीडिया पर दोश्ती करनी और फिर उससे निवेश की सलाह लेनी आयुर्वेद योगशाला के रजिस्ट्रार को भारी पड़ गई। साइबर जालसाजों ने युवती के नाम से आईडी बनाकर संपर्क किया और भरोसे में लेने के लिए पहले कुछ निवेश पर मुनाफा भी दिया।

इसके बाद 31.47 लाख रुपये निवेश के नाम पर ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सेक्टर-36 साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर चाई-5 निवासी राजीव कुमार सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मार्च में उनकी फेसबुक पर अजीनिया रोडनोवा नाम की महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। पहचान न होने के बावजूद राजीव ने उससे दोश्ती के प्रश्ताव को स्वीकार कर लिया।



दोनों ओर से मैसेंजर पर बातचीत शुरु हो गई। महिला ने निवेश संबंधी कई लुभावने ऑफर की जानकारी दी। मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान हुआ। 12 मार्च को शिकायतकर्ता के व्हाट्सएप पर महिला का मैसेज आया और उसने निवेश के लिए अमेरिका के शादिया मेकमेनस से परिचय कराया। बताया कि निवेश संबंधी प्रशिक्षण अब शादिया द्वारा ही दिया जाएगा। इसके बाद शादिया ने शिकायतकर्ता को एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया। शादिया के कहने पर शिकायतकर्ता ने दस हजार रुपये का निवेश किया। इस पर उसे मुनाफा हुआ है। मुनाफे समेत रकम निकालने की अनुमति भी दी गई। झांसे में आने के बाद शिकायतकर्ता ने पांच से अधिक बार में ठगों द्वारा बताई गई कंपनी और एजेंसी में 31.47 लाख रुपये का निवेश कर दिया।

पैसे की आवश्यकता पड़ने पर जब शिकायतकर्ता ने मुनाफे समेत अपनी रकम निकालनी चाही तो ठगों ने इसकी अनुमति नहीं दी। बताया गया कि अगर रकम निकालनी है तो और निवेश करना होगा। शिकायतकर्ता ने और रकम भेजने से मना किया तो ठगों ने संपर्क तोड़ लिया।

पुलिस ने तथाकथित अजीनिया रोडनोवा और शादिया मेकमेसन समेत चार पर केस दर्ज किया। एडिशनल डीसीपी साइबर क्राइम मनीषा सिंह ने बताया कि सभी तथ्यों पर जांच की जा रही है।

## खुदाई के दौरान निकले सिक्के एसडीएम ने जब्त किए

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

वन महोत्सव के तहत ग्राम समाज की भूमि पर गड्ढा खोदते समय मिट्टी के एक बर्तन से धातु के चालीस सिक्के निकले। सूचना पर पहुंचीं एसडीएम धामपुर ने सिक्कों की गिनती कराकर नहटौर के थाने के मालखाने में रखवा दिए।

शुक्रवार की शाम गांव खंडसाल में गाटा संख्या 40 ग्राम समाज की भूमि में वृक्ष लगाने के लिए मनरेगा मजदूर गड्ढा खोदने का काम कर रहे थे।

इसी दौरान एक गड्ढा खोदते समय मिट्टी के एक बर्तन में धातु के 40 सिक्के निकले, जो प्राचीन प्रतीत हो रहे हैं। बताया जाता है सिक्कों पर उर्दू भाषा में लिखा हुआ है और वे मुगल कालीन लग रहे हैं। ग्राम प्रधान पति योगेश कुमार ने मामले की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को दी।

सूचना पर एसडीएम रितू रानी, नायब तहसीलदार विजय कुमार, सीओ



अभय कुमार पांडे, थाना अध्यक्ष धीरज नागर, पंचायत सचिव दीप अमर राही आदि मौके पर पहुंचे।

ग्रामीणों की उपस्थित में प्रशासनिक अधिकारियों ने सिक्कों को कब्जे में लेकर थाना अध्यक्ष की सुपुर्दगी में देकर मालखाने में रखवा दिया।

ग्रामीण राकेश कुमार, कमलवीर सिंह, चमन सिंह, ध्यान सिंह, अंशुमन, प्रमोद कुमार, बलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की बूथों को मजबूत बनाने सहित बूथ कमेटियों के गठन को लेकर चर्चा की



✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷

नगर के मोहल्ला नायक सराय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रियासत हुसैन अंसारी के आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई ।जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने अफजलगढ़ ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए बूथों को मजबूत बनाने सहित बूथ कमेटियों का गठन को लेकर चर्चा की।

साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां कार्यकर्ताओं शुरू कर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। शनिवार को नगर के मोहल्ला नायक सराय में स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रियासत हुसैन अंसारी के आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह व कांग्रेस वरिष्ठ नेता आरके सिंह का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को संगठन सहित बूथों को मजबूत बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। साथ ही अगर बूथ कमेटियों मजबूत बनेंगी तो चुनाव भी मजबूती के साथ जीता जाएगा। चुनाव की जीत का अहम हिस्सा बूथ कमेटी के पदाधिकारी होते हैं। कांग्रेस अफजलगढ़ ब्लाक कमेटी से शीघ्र ही बूथ कमेटी का गठन करने का आह्वान किया। कांग्रेस अफजलगढ़ ब्लाक कमेटी की पदाधिकारियों को बधाई दी।

वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रियासत हुसैन अंसारी ने कहा कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी को पूरे देश मे मज़बूती मिल रही है। जिस से आगे चल कर पार्टी को चुनाव मे सफलता मिलेंगी।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह के आलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आरके सिंह,कांग्रेस नेता हाजी अहसान अंसारी, मिसबाबुल हसन, प्रदीप ठाकुर,अशोक कुमार, मुमताज हुसैन,निसार अहमद अंसारी,डॉ गुलशन,मुज़फर हुसैन, डॉ. मासूक, अब्दुल रहमान, शमशाद हुसैन, ज़ाहिद हुसैन युवा कांग्रेस नेता अज़ीम अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों की अच्छी तालीम और तरबियत से बनता है मज़बूत समाज और क़ौम : मुफ़्ती अबरार

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

नगीना मस्जिद खजूरों वाली में नमाज़े मगरिब के बाद एक आम जलसा 'इस्लाहे मुआशरा व दश्तार-ए-फ़ज़ीलत' के उनवान से आयोजित किया गया। इसकी सदारत मुफ़्ती मुशाहिद क़ासमी साहब ने की, जबकि संचालन मुफ़्ती कफ़ील मजाहिरी (उश्ताद, जामिया अरबिया रशीदिया, नगीना) ने किया।

प्रारंभ क़ारी अक़दस साहब की क़ुरआन पाक की तिलावत से हुआ। इसके बाद नात पढ़ी गई जिसे नेत्रहीन एहतिशाम ने पेश किया।

कार्यक्रम में हाफ़िज़ औवैस बिन अमीर अहमद (नगीनवी) ने अपना आख़िरी सबक़ सुनाया, जिसके बाद उन्हें दश्तार-ए-फ़ज़ीलत से नवाज़ा गया। मुख्य अतिथि मुफ़्ती मुहम्मद



अबरार क़ासमी साहब ने अपने विशेष भाषण में बच्चों की सही तालीम व तरबियत पर ज़ोर देते हुए कहाः

बच्चे क़ौम के मुश्तकबिल के मिमार होते हैं। अगर उन्हें सही तरबियत दी जाए, तो एक बेहतरीन और मजबूत समाज की बुनियाद रखी जा सकती।

उन्होंने कहा, 'कोई बाप अपनी औलाद को इससे बेहतर तोहफा नहीं दे सकता कि वह उन्हें अच्छे आदाब सिखाए।'

कार्यक्रम के कन्वीनर मौलाना इस्लामुद्दीन क़ासमी (उश्ताद, इमाम व ख़तीब मस्जिद खजूरों वाली) ने सभी उपस्थित मेहमानों और श्रोताओं का शुक्रिया अदा किया।

इस मौक़े पर जिन हज़रात की शरीक़ी रही, उनके नाम इस प्रकार

मुफ़्ती नबील अहमद रशीदी, मौलाना रफ़ीउज़्ज़मां क़ासमी, मुश्तक़ीम साहब (देहरादून), क़ारी अक़दस, मौलवी ज़ैद, मौलवी तैयबा, हाजी यामिन, सुलैमान साहब, दिलशाद साहब, नफ़ीस साहब, मेंबर अरीब, अमीर साहब, फ़हीम साहब, वसीम साहब, मौलाना सैयद मुहम्मद रियान, हाफ़िज़ बिलाल, हाफ़िज़ विसाल, हाफ़िज़ जावेद, हाफ़िज़ मुहम्मद सुहैल, हाफ़िज़ मुहम्मद तैय्यब, हाफ़िज़ मुहम्मद वक़ार, हाफ़िज़ मुहम्मद आक़िब, हाफ़िज़ मुहम्मद अयान, हाफ़िज़ मुहम्मद रिज़वान, हाफ़िज़ मुहम्मद जुनैद, हनीफ़ साहब वग़ैरह मौजूद रहे।

## बदमाशों ने विधवा की 4 बकरियां उठाई

### लोगों ने लगाया पुलिस चौकी पर लापरवाही का आरोप

✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷

बदमाशों द्वारा इंसानों का अपहरण करने का मामला तो आपने सुना होगा लेकिन अब बदमाशों ने सरेशाम चार बकरी उठा ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

घटना की पुलिस में तहरीर दे दी गई है। हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव जैनूलाआबद्दीनपुर उर्फ जलाऊदीपुर निवासी विधवा आमना परवीन पत्नी मोहम्मद शरीफ गांव में बकरी पालन कर अपना व अपने परिवार का भरन पोषण करती है।

विधवा आमना परवीन ने बताया कि वह शनिवार की शाम चार बजे अपनी चार बकरियों को चराने के लिए जैसे ही गांव से बाहर निकाली इस दौरान एक सफेद रंग की कार में सवार बदमाशों ने जबरन उसकी बकरियों का अपहरण करते हुए कार में डाल लिया और तेजी से कार को भागते हुए फरार हो गए। घटना गांव में एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बताया जाता है कि विधवा आमना परवीन काफी दूर तक बदमाशों की कार के पीछे भी दौड़ी, लेकिन बदमाश तेजी से कार को भगा कर फरार हो गए।

इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैसला ने बताया कि घटना संज्ञान में आई है। जांच कर कर उचित कार्रवाई की जाएगी। जबकि अम्हेड़ा चौकी प्रभारी अन्नू कुमारी ने बताया कि अभी तक घटना की तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यह सब अम्हेडा पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों की लापरवाही है जो इधर उधर बैठकर दलालों के साथ गपशप करते रहते हैं। सही ड्यूटी अंजाम नहीं देते हैं।

## सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी का शुभारंभ

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

श्री सनातन धर्म प्रचार सभा के तत्वाधान में रविवार को 7 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ कलश यात्रा नव दुर्गा मंदिर से प्रारंभ हुई। जिसमें 251 महिलाएं कलश लेकर चल रही थी धार्मिक उद्घोष से नगर का माहौल शिव में बना।



रविवार को श्री सनातन धर्म प्रचार सभा के तत्वाधान में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा मंदाकिनी का शुभारंभ कलश यात्रा नवदुर्गा मंदिर से प्रारंभ हुई कथा के मुख्य यजमान मुकेश गुप्ता पत्नी पायल गुप्ता सहित समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता 251 महिलाओं के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ कलश यात्रा नवदुर्गा मंदिर पर पूजा अर्चना के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ कलश यात्रा ऐंजसी चौराह,कालू की आढत, हलवाईयान, सब्ज़ी मंडी, पंचायती मंदिर,चौधरियान, होलियान से होती हुई वैष्णो धर्मशाला में जाकर संपन्न कलश यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया कलश यात्रा में घोड़े पर सवार भगवा झंडा लिए कलश यात्रा के अगवानी करते चल रहे थे।

बैंड धार्मिक धोने बजते चल रहे थे कलश यात्रा में बाबा मलंगदास अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल मुकेश वर्मा रतन सैनी निश्चल त्यागी पवन अग्रवाल सुशांत गोयल रमन गोयल सुभाष सैनी राकेश सैनी आदि पदाधिकारी का कार्यकर्ता चल रहे थे कलश यात्रा के पीछे कथा व्यास पटियाला निवासी अश्वनी भास्कर महाराज रथ पर सवार थे। सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक पुलिस फोर्स तैनात रहा।


महत्वपूर्ण सूचना

**कांवड़ मेला-2025 के लिए विशेष व्यवस्था (23.07.2025 तक)**

कांवड़ मेला-2025 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा कुछ नामित रेल सेवाओं को हरिद्वार तक विस्तार करने, निम्नलिखित कांवड़ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने और वर्तमान में संचालित की जा रही, कुछ रेलगाड़ियों को अस्थायी तौर पर नये ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ी संख्या 74023/74022 दिल्ली-शामली-दिल्ली डीईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार

| रेलगाड़ी सं.: 74023 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 74022 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:00 | दिल्ली | 09:25 | ---- |
| 22:50 | 22:55 | शामली | 06:25 | 06:30 |
| 23:20 | 23:22 | थाना भवन | 05:25 | 05:27 |
| 23:44 | 23:46 | रामपुर मनिहारान | 05:02 | 05:04 |
| 00:15 | 00:17 | टपरी | 04:46 | 04:48 |
| 00:56 | 00:58 | रुड़की | 04:17 | 04:19 |
| 01:38 | 01:40 | ज्वालापुर | 03:15 | 03:17 |
| 01:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:05 |

चलने की तिथिः 74023 दिल्ली से 24.07.2025 तक और 74022 हरिद्वार से 25.07.2025 तक।
स्थानः सामान्य।

रेलगाड़ी संख्या 64557/64558 दिल्ली-सहारनपुर-दिल्ली एमईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार

| रेलगाड़ी सं.: 64557 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 64558 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 16:25 | दिल्ली | 08:45 | ---- |
| 20:50 | 21:10 | सहारनपुर | 03:40 | 04:20 |
| 21:48 | 21:50 | रुड़की | 02:53 | 02:55 |
| 22:25 | 22:27 | ज्वालापुर | 02:10 | 02:12 |
| 22:50 | ---- | हरिद्वार | ---- | 02:00 |

चलने की तिथिः 64557 दिल्ली से 24.07.2025 तक और 64558 हरिद्वार से 25.07.2025 तक।
स्थानः सामान्य।

मेला विशेष रेलगाड़ियो का निम्न समय सारणी के अनुसार संचालनः

रेलगाड़ी संख्या 04311/04312 मुरादाबाद-लक्सर-मुरादाबाद अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी

| रेलगाड़ी सं.: 04311 आगमन | प्रस्थान | ↑ स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं.: 04312 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:15 | मुरादाबाद | 15:15 | ---- |
| 07:15 | ---- | लक्सर | ---- | 12:00 |

चलने के दिनः 04311 मुरादाबाद एवं 04312 लक्सर से 25.07.2025 तक।
ठहरावः बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा एवं काँठ स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

रेलगाड़ी संख्या 04314/04313 हरिद्वार–दिल्ली जं.–हरिद्वार अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी

| रेलगाड़ी सं.: 04314 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04313 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:05 | हरिद्वार | 07:55 | ---- |
| 23:10 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 01:10 |

चलने के दिनः 04314 हरिद्वार से 24.07.2025 तक एवं 04313 दिल्ली जं. से 14.07.2025 से 25.07.2025 तक।
ठहरावः ज्वालापुर, रुड़की, टपरी, मुज़फ्फरनगर, मेरठ सिटी, गाजियाबाद एवं दिल्ली शाहदरा स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

रेलगाड़ी संख्या 04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-दिल्ली शाहदरा-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी

| रेलगाड़ी सं.: 04316 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04315 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | ---- |
| 03:50 | ---- | दिल्ली शाहदरा | ---- | 04:20 |

चलने के दिनः 04316 योग नगरी ऋषिकेश से 24.07.2025 तक एवं 04315 दिल्ली शाहदरा से 25.07.2025 तक।
ठहरावः रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, टपरी एवं शामली स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

रेलगाड़ी संख्या 04318/04317 योग नगरी ऋषिकेश-आलमनगर-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी

| रेलगाड़ी सं.: 04318 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04317 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | ---- |
| 10:45 | ---- | आलमनगर | ---- | 12:05 |

चलने के दिनः 04318 योग नगरी ऋषिकेश से 09.08.2025 तक एवं 04317 आलमनगर से 10.08.2025 तक।
ठहरावः रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली एवं शाहजहाँपुर स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

रेलगाड़ी संख्या 04413/04414 दिल्ली जं. – हरिद्वार – दिल्ली जं. अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी

| रेलगाड़ी सं.: 04413 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04414 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 16:45 | दिल्ली जं. | 09:40 | ---- |
| 22:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:30 |

चलने के दिनः 04413 दिल्ली जं. से 24.07.2025 तक एवं 04414 हरिद्वार से 14.07.2025 से 25.07.2025 तक।
ठहरावः दिल्ली शाहदरा, नोली, गोटरा हाल्ट, फखरपुर हाल्ट, खेकड़ा, सुन्हैड़ा हाल्ट, अहेरा हाल्ट, बागपत रोड, सूजरा, बड़ौत, कासिमपुर खेड़ी, एलम, कांधला, शामली, हीन्ड, थाना भवन, ननौता, सोना अर्जुनपुर, रामपुर मनिहारान, टपरी, रुड़की एवं ज्वालापुर स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

दिनांक 24.07.2025 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | आवृत्ति | अस्थाई ठहराव | समय-सारणी आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14113 सूबेदारगंज – देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| 14114 देहरादून – सूबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 उज्जैन – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14310 देहरादून – उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 इंदौर – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14318 देहरादून – इंदौर एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा – देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 19566 देहरादून – ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 कोच्चुवेली – योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| | | मोतीचूर | 12:45 | 12:47 |
| | | रायवाला | 13:00 | 13:02 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश – कोच्चुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| | | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |
| 54075 बरेली – दिल्ली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 54076 दिल्ली – बरेली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा पूछताछ वेबसाइटः www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा – हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# लाल सागर के रास्ते तेजी से बढता गजवा-ए-दुनिया

दुनिया के अनेक राष्ट्रों ने आतंकवादियों आड लेकर अपने देश में अघोषित सैनिकों की एक सशक्त शाखा स्थापित कर रखी है जिसके पास आधुनिक हथियार, नवीनतम तकनीक और असीमित संसाधन हैं। वर्तमान में ईरान के माध्यम से यमन की धरती पर हूती विद्रोहियों के नाम का एक ऐसा ही संगठन विकसित राष्ट्रों तक को धमकाने में लगा है।

लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाकर अपनी तानाशाही का परचम फहराने वाले इस संगठन के पास बुर्कान श्रृंखला की बैलिस्टिक मिसाइल, कुद्स-1 क्रूज मिसाइल, अल-मंदब-1 एंटी-शिप मिसाइल, सतह से हवा में मार करने वाली सैय्यद-2सी मिसाइल, ड्रोन, विस्तारित-रेंज वाले मानव रहित यूएवी, स्कड, ओटीआर-21 तोचका मिसाइल, रॉकेट लॉन्चर, एयर डिफेंस सिस्टम, एस 358 मिसाइल, रॉकेट मिसाइल, राडर से चलने वाली मिसाइल, यूएस एमक्यू -9 रीपर ड्रोन, एयर-लॉन्च स्टैंड-ऑफ मुनिशन, बी -2 स्टील्थ बॉम्बर्स, थाक्यूब 1, थाक्यूब 2, थाक्यूब 3 सहित जमीन से हवा में, हवा से हवा में तथा हवा से जमीन में मार करने वाली बेहद खतरनाक मिसाइलों सहित एयर डिफेन्स सिस्टम आदि का भण्डार है जिसमें निरंतर इजाफा होता जा रहा है।

अनेक राष्ट्र पर्दे के पीछे से इस आतंकी संगठन को हथियार, तकनीक और साधन मुहैया करा रहे हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि पाकिस्तान से ईरान को मिलने वाली परमाणु हथियारों की तकनीक, सहयोग और पदार्थों से निर्मित होने वाले अनेक अतिघातक शस्त्र भी हूती के पास पहुंच गये हैं जिनका उपयोग इजराइल एवं उसके सहयोगी देशों पर किया जा रहा है। इस आतंकवादी संगठन का प्रमुख अब्दुल मलिक अल-हूती तो खुलेआम आतंक के नाम पर दुनिया को धमकाने में लगा है।

वर्तमान में लाल सागर से होकर गुजरने वाले जहाजों को अपने ट्रैकिंग सिस्टम पर स्वयं को मुसलमान होने तथा इजरायल से कोई संबंध न होने का संदेश प्रसारित करना पड रहा है। सूत्रों की मानें तो इस्लाम का आतंक चरम सीमा पर पहुंचने की गरज से हूती सहित अन्य इस्लामिक आतंकी संगठनों ने एक साथ मिलकर गजवा-ए-दुनिया के ख्वाब को पूरा करने के लिए कमर कस ली है।

आश्चर्य होता है कि अमेरिका की चौधराहट भी इस्लामिक आंतकवाद के सामने आत्मसमर्पण की मुद्रा में आ जाती है। परमाणु क्षमता की दम पर आतंकियों को संरक्षण देने वाला पाकिस्तान आज अमेरिका का सबसे चहेता बना हुआ है। विश्वबैंक से कर्जा दिलवाने से लेकर उसे राजनैतिक संरक्षण देने तक में ट्रंप कार्ड की भागीदारी स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। गाजा के हालातों पर मानवीय संवेदनाओं की आड लेकर हमास का कवच बनने वाले राष्ट्रों को वहां के निवासियों का आतंकी प्रेम जानबूझकर नहीं दिख रहा है। वहां के निवासियों के सामने उनके बीबी-बच्चों की मौत हो रही है परन्तु वे अपनी कट्टरपंथी मानसिकता का प्रमाण देते हुए हमास को बेनकाब नहीं होने दे रहे हैं।

आतंकियों को अपने आंचल में छुपाये बैठे हैं। जब अपहरित इजरायलियों को तडफा तडफा कर मौत दी जा रही थी तब वहां के निवासी जश्न मनाते रहे। मानवता को कफन में लपेटा जाता रहा और वे ठहाके लगाते रहे। किन्तु जब कट्टरवादियों के जिस्मों पर कफन लपेटा जाने लगा तब उन्होंने हमास को सुरक्षित रखने के साथ-साथ अपने लिए मानवता का नारा बुलन्द किया।

जब विश्व स्वास्थ्य संगठन के लोग हमास के साथ मिलकर आंतक फैलाने में सहयोग कर रहे थे तब मानवता की परिभाषा को अर्थहीन बना दिया गया था। कट्टरता परोसने वाली जमातें अब पैसों की दम पर हथियार, हथियारों की दम पर आतंक और आतंक की दम पर सल्तनत हासिल करने में लगीं हैं। लाल सागर होकर गुजरने वाले लगभग सभी देशों के जहाजों ने हूती के आतंक को सलाम करने के लिए खुद को मुसलमान और सुरक्षा के लिए इजरायल से संबंध न होने की घोषणाएं करना शुरू कर दीं है।

वह दिन दूर नहीं जब हथियारों के सामने गैर मुसलमानों को कलमा पढने के लिए मजबूर किया जायेगा, जबरन निकाह के कबूलनामे पर दस्तखत करवाये जायेंगे और कराया जायेगा आंतक के साये तले इस्लाम का नारा बुलंद। पाकिस्तान से आने वाले वहां के अघोषित सैन्य अधिकारियों ने जिस तरह से पहलगाम में धर्म पूछकर हत्यायें की थी उसी तरह से लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों को भी हूतियों की जमातें के सामने इजरायल विरोधी और मुसलमान होने के प्रमाण देने होंगे।

ऐसा न कर पाने की स्थिति में उन्हें तडफ-तडफ कर मरने के लिए तैयार रहना होगा। यह सब अल्लाह को नहीं मुल्ला को मंजूर है। ऐसे मुल्लाओं की तादात में दिन-ब-दिन इजाफा होता जा रहा है। दुनिया के कोने-कोने से गैर मुसलमानों पर हो रहे जुल्मों की दास्तानें सुनाई दे रहीं हैं। वहां की सरकारें कानों में तेल डाले बैठीं हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन मौन हैं। आतंकियों के जुल्मों को मुस्लिम सम्प्रदाय खुलकर समर्थन दे रहा है। न्याय, मानवता और संवेदनाओं को हलाल कर चुके लोगों के सामने बहता खून, गूंजती चीखें और तडफते जिस्म ही उनका जश्न-ए-मुबारक बन चुका है। हजारों की संख्या में इस्लामिक आतंकी संगठनों ने दुनिया को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। सशक्त राष्ट्र भी निजी स्वार्थों के लिए आश्तीन में सांप पालने की होड में शामिल हैं। ऐसे में हूती के फरमान पर सिर झुकारने वाले जहाजों ने आतंकियों के हौसलों को बुलंद करना शुरू कर दिया है। लाल सागर के राश्ते तेजी से बढता गजवा-ए-दुनिया का मंसूबा पूरा करने के लिए संसार भर के इस्लामिक आतंकी एक जुट होने लगे हैं जिन्हें नश्तनाबूद करने के लिए मानवतावादी राष्ट्रों को निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर संगठित होना होगा तभी इस मानवता विरोधी आतंक से निजात मिल सकेगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# मतदाता सूची में सुधार पर सुप्रीम सहमति सराहनीय

**ललित गर्ग**

बिहार में मतदाता सूची सुधार पर सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी सिर्फ एक न्यायिक फैसला नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूल्य को पुष्ट करने वाला ऐतिहासिक एवं प्रासंगिक निर्णय है।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूची की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है। इससे प्रक्रिया आसान होगी और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी।

बेशक, फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए लेकिन ऐसे अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाए। विपक्ष को चाहिए कि वह इस फैसले को राजनीतिक हार न माने, बल्कि इसे एक अवसर माने, जनविश्वास अर्जित करने का, लोकतंत्र में आस्था बढ़ाने का और सबसे जरूरी, राष्ट्रहित को राजनीति से ऊपर रखने का।

मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य केवल बिहार ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करना चाहिए।

भारतीय लोकतंत्र में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सर्वोपरि होता है। चुनाव आयोग यदि चुनाव कराने को तैयार है, और इसकी जुड़ी किन्हीं प्रक्रियाओं में कोई त्रुटि या खामी है तो उसका सुधार करना संविधान सम्मत है, तो फिर इस पर प्रश्नचिन्ह लगाने का अधिकार किसी भी राजनीतिक दल को नहीं होना चाहिए।

लेकिन जो प्रश्न जनता के मानस को उद्वेलित करता है, वह यह है कि विपक्ष बार-बार चुनावी प्रक्रियाओं, राष्ट्रीय हितों या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी एकमत होकर विरोध करता है, आखिर क्यों? बिहार में एसआईआर को लेकर जो याचिकाएं और बहसें सामने आईं, उनमें एक प्रमुख तर्क यह था कि समय उपयुक्त नहीं है, सरकार अस्थिर है, या सामाजिक समीकरण तैयार नहीं हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जनता को प्रतिनिधित्व देने का अधिकार सर्वोपरि है। लेकिन त्रुटिपूर्ण या फर्जी मतदाता सूची से चुनाव कराना भी लोकतंत्र का अपमान है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि देर-सवेर नहीं, संवैधानिक कर्तव्य को समय पर निभाना जरूरी है।

अदालत ने एसआईआर पर कोई आदेश नहीं दिया है, लेकिन अपने इरादे की ओर इशारा तो कर ही दिया है। अदालत ने टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह उचित प्रतीत होता है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। बिहार में एसआईआर को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह निश्चित ही टाइमिंग है।

जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे। हालांकि आयोग ने भरोसा दिलाया है कि किसी भी व्यक्ति को भी अपनी बात रखने का मौका दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। वैसे बिहार में चुनाव को देखते हुए ही फर्जी मतदाताओं की संख्या बढ़ी या तथाकथित राजनीतिक दलों ने इन फर्जी मतदाताओं को बढ़ाया है।

ऐसे में इन फर्जी मतदाताओं पर कार्रवाई अपेक्षित है। यह मामला केवल बिहार तक सीमित नहीं रहना चाहिए। दूसरे राज्यों में मतदाता सूचियों की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। ऐसे में स्वाभाविक ही नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है?

भारतीय राजनीति में विपक्ष का कार्य सरकार की नीतियों पर निगरानी रखना है, आलोचना करना है, लेकिन वह आलोचना रचनात्मक होनी चाहिए, राष्ट्र-विरोधी नहीं। आज हम देख रहे हैं कि आर्टिकल 370 हटाना हो, नागरिकता संशोधन अधिनियम-सीएए, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी जैसे कानून हों, अग्निपथ योजना हो, या राम मंदिर निर्माण-लगभग हर मुद्दे पर विपक्ष ने एकमत होकर विरोध किया है।




चाहे चीन या पाकिश्तान से जुड़ी संवेदनशील मसले हों, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा के निर्णय, विपक्ष अक्सर उन बिंदुओं पर एक सुर में सरकार का विरोध करता है, जबकि ऐसे राष्ट्रीयता के मुद्दों पर विपक्ष को सरकार एवं देश के साथ एकजुटता दिखानी चाहिए। यह संयोग नहीं, एक दूषित राजनीतिक रणनीति बनती जा रही है कि 'जो सरकार करे, उसका विरोध करो', चाहे मुद्दा देशहित का ही क्यों न हो।

इन स्थितियों में आम जनता का एक बड़ा सवाल है कि विपक्ष देश के साथ है या सिर्फ सत्ता की भूख के साथ? क्या चुनाव प्रक्रिया पर विरोध करना लोकतंत्र का मज़ाक नहीं है? क्या न्यायपालिका के निर्णयों को चुनौती देना सिर्फ स्वार्थ की राजनीति नहीं? क्या राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार के साथ खड़े होने से विपक्ष की राजनीति कमजोर हो जाएगी? जब विपक्ष सिर्फ विरोध करने के लिए विरोध करता है, तो उसका नैतिक बल कमजोर होता है, और जनता का विश्वास टूटता है।

भारतीय राजनीति को अब रचनात्मक विपक्ष की ज़रूरत है, ऐसा विपक्ष जो सत्ता में नहीं है, फिर भी राष्ट्र के लिए सत्ता के साथ खड़ा हो सकता है। जो यह समझ सके कि लोकतंत्र सरकार और विपक्ष दोनों से चलता है, लेकिन राष्ट्र सबसे ऊपर है। बिहार में चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट की अनुमति इस बात का प्रतीक है कि संस्थाएं अभी भी न्याय और संवैधानिकता की रक्षा कर रही हैं।

लेकिन विपक्ष यदि इस निर्णय पर भी नकारात्मक रवैया अपनाता है, तो यह जनता की आकांक्षाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकासशील भारत की दिशा के विरुद्ध होगा। विपक्ष को चाहिए कि वह अपनी राजनीति को जनहित से जोड़े, जनविरोध से नहीं। विपक्ष यदि राष्ट्रहित में सोचने की दिशा में खुद को परिवर्तित नहीं करता, तो वह धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो देगा। भारतीय लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी चुनावों पर टिकी होती है। इसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मज़बूत बनाने की दिशा में बिहार में चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया मतदाता सूची सुधार अभियान हाल ही में राष्ट्रीय बहस का केंद्र बना। लेकिन जिस बात ने सबसे अधिक ध्यान खींचा, वह यह है कि इस पूरी कवायद के दौरान विपक्ष एक बार फिर एकजुट होकर इसका विरोध करता नजर आया, भले ही मामला राष्ट्रहित और लोकतंत्र की मजबूती से जुड़ा हो।

बिहार में राज्य निर्वाचन आयोग ने वोटर लिस्टों को दुरुश्त करने, फर्जी वोटरों की छंटनी, और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ने का जो कार्य प्रारंभ किया, वह एक सामान्य प्रशासनिक कार्य नहीं था, बल्कि एक लोकतांत्रिक शुद्धिकरण था। यह सुधार न केवल चुनावों को पारदर्शी बनाता है, बल्कि नागरिक अधिकारों की रक्षा भी करता है। परन्तु कुछ राजनीतिक दलों ने इस प्रक्रिया पर आपत्ति जताई और इसे जातीय आंकड़ों, राजनीतिक संतुलन और चुनावी गणित से जोड़कर कोर्ट का रुख किया।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण संविधान सम्मत प्रक्रिया है और इसे बाधित नहीं किया जा सकता। अदालत ने चुनाव आयोग की कार्रवाई को न केवल वैध बताया, बल्कि इसे लोकतंत्र के लिए आवश्यक भी बताया। यह फैसला यह भी दर्शाता है कि अब समय आ गया है जब चुनावी ईमानदारी को राजनीतिक शोरगुल और वोट बैंक की राजनीति के शोर में दबाया नहीं जा सकता। विपक्ष की प्रतिक्रिया लगभग स्वचालित होती जा रही है, चाहे मुद्दा हो आर्थिक सुधार का, रक्षा नीति का, विदेश नीति का, या अब मतदाता सूची सुधार का।

प्रश्न यह उठता है कि क्या हर सुधार प्रक्रिया, चाहे वह कितनी भी लोकतांत्रिक या पारदर्शी हो, विपक्ष के लिए मात्र एक राजनैतिक खतरा है? विपक्ष का यह रवैया यह दर्शाता है कि उसे संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा कम और अपनी राजनीतिक गणनाओं पर भरोसा अधिक है।

एक सामान्य नागरिक के लिए सबसे बड़ा अधिकार है वोट देना। यदि कोई सुधार प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि एक भी फर्जी वोटर सूची में न हो, कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं, जाति, धर्म या राजनीति से ऊपर उठकर नागरिकता के आधार पर मतदाता सूची बने, तो फिर उसका विरोध क्यों? विपक्ष इस डर से ग्रश्त है कि यदि मतदाता सूची साफ-सुथरी हो गई, तो उनके कथित परंपरागत वोट बैंक कमजोर हो सकते हैं। उन्हें डर है कि जातीय और क्षेत्रीय समीकरण बदल सकते हैं। लेकिन यह तर्क लोकतंत्र के मूल सिद्धांत के विरुद्ध है। लोकतंत्र 'जो है, उसे प्रतिबिंबित करे', न कि 'जो चाहिए, उसे निर्मित करे'।

# पंजाबी अखबारों की राय : पंजाब में तेजी से बिगड़ रही कानून-व्यवस्था

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

पंजाब में तेजी से बिगड़ती कानून-व्यवस्था, महाराष्ट्र में उद्धव और राज ठाकरे का गठबंधन और बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण और उस पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर इस हफ्ते पंजाबी अखबारों ने अपनी राय प्रमुखता से रखी है।

सूबे की कानून व्यवस्था पर चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून अपने संपादकीय पंजाब में बढ़ता अपराध में लिखता है- अबोहर के व्यापारी संजय वर्मा की दिनदहाड़े हत्या और मोगा के एक क्लीनिक में अभिनेत्री तानिया के पिता की गोली मारकर हत्या ने एक तरह से यह उजागर कर दिया है कि किस तरह संगठित अपराध राज्य में आपराधिक गतिविधियों को आसानी से अंजाम दे रहा है।

अखबार लिखता है शिक्षित युवाओं में बेरोज़गारी, नशे की लत व जल्दी पैसे कमाने का लालच कई पंजाबी युवाओं को अपराध की ओर धकेल रहा है। सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार और गैंगस्टरों का महिमामंडन आग में घी डालने का काम कर रहा है।

पंजाब में आपराधिक-आतंकवादी गठजोड़ अब स्थानीय नहीं रहा; यह अंतर्राष्ट्रीय, तकनीकी रूप से सक्षम और वैचारिक रूप से अस्थिर हो गया है। यह संकट जितना लंबा चलेगा, पंजाब के भविष्य को पटरी पर लाना उतना ही मुश्किल होता जाएगा।

जालंधर से प्रकाशित पंजाबी जागरण लिखता है- पंजाब पिछले कुछ समय से आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के कारण सुर्खियों में है। अबोहर में हुई एक घटना ने पूरे राज्य में सनसनी फैला दी है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक समूह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के ज़रिए इस घटना की जिम्मेदारी ली है। ऐसा नहीं है कि राज्य में इस तरह की यह पहली घटना है। यह घटना आम बात है। अबोहर की घटना ने पंजाब में जबरन वसूली के बढ़ते मामलों पर भी प्रकाश डाला है।

जालंधर से प्रकाशित अजीत लिखता है- आजकल पूरे राज्य में लूटपाट का बोलबाला है। अबोहर की घटना के बाद सरकार एक बार फिर विपक्षी दलों के निशाने पर आ गई है। विपक्ष खासकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से विधानसभा में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विशेष बहस की मांग की है।

जालंधर से प्रकाशित रोजाना पंजाब टाइम्स लिखता है-वर्ष 2023-24 की रिपोर्टों के अनुसार, पंजाब मंप जबरन वसूली और धमकियों से जुड़े मामलों में वृद्धि देखी गई है। पंजाब पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 से फरवरी 2023 तक जबरन वसूली और धमकी के 278 मामले दर्ज किए गए, जो मार्च 2023 से दिसंबर 2023 तक बढ़कर 307 हो गए।

यह वृद्धि समाज और पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती पेश कर रही है। अखबार लिखता है, सिद्धू मूसेवाला की हत्या ने संगठित अपराध की गंभीरता को उजागर किया, लेकिन इसके ख़िलाफ़ कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई। जबरन वसूली की घटनाओं ने पंजाब के व्यापारियों और छोटे उद्योगपतियों में भय का माहौल पैदा कर दिया है।

कई व्यापारी और कलाकार धमकियों के कारण अपना व्यवसाय या पेशा छोड़ने की सोच रहे हैं। इसका राज्य की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

चंडीगढ़ से प्रकाशित रोजाना स्पोक्समैन लिखता है, इस साल अब तक चंडीगढ़ में हत्या के 15 मामले दर्ज किए गए हैं।

आंकड़े बताते हैं कि तेजी से हो रहे शहरीकरण, अन्य कारकों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और बिहार से पंजाब और चंडीगढ़ की ओर युवा पीढ़ी के बढ़ते पलायन के कारण भी गंभीर और घातक अपराधों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। जिन व्यवसायों में स्थानीय लोगों की विशेषज्ञता है, उनमें बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने जैसी मांगें राजनीतिक और सामाजिक श्तर पर उठने लगी हैं। पंजाब और चंडीगढ़ को भी अब इस दिशा में कुछ सार्थक कदम उठाने की ज़रूरत है।

बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण और इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों पर चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून लिखता है- सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को जारी रखने की अनुमति दे दी है, लेकिन साथ ही उसने चुनाव आयोग से एक बहुत ही प्रासंगिक प्रश्न पूछा है: अभी क्यों? अदालत ने यह बिल्कुल सही बात कही है कि विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले इस तरह की कवायद से लोगों के मन में संदेह पैदा होना स्वाभाविक है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि इस प्रक्रिया में आधार कार्ड पर विचार क्यों नहीं किया जा रहा है। उसका मानना है कि चुनाव अधिकारियों को आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर विचार करना चाहिए। चंडीगढ़ से प्रकाशित देशसेवक लिखता है- छोटी-मोटी बाधाओं के बावजूद, चुनाव आयोग ने न केवल देश में, बल्कि दुनिया में भी सम्मान अर्जित किया है। बिहार चुनावों में चुनाव आयोग के सामने अपनी ईमानदारी बचाने की चुनौती है।

जालंधर से प्रकाशित अज दी आवाज लिखता है-बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनाव जीतने के लिए हर हथकंडा अपना रहे हैं। बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। रसूखदारों और कारोबारियों की हत्याओं की घटनाओं ने राज्य सरकार की छवि को गहरा धक्का पहुंचाया है।

युवा बेरोजगार हैं और आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। ऐसे में नीतीश कुमार ने भी अन्य राजनेताओं की तरह चुनाव के दौरान जनता को लुभाने के लिए बड़े-बड़े ऐलान किए हैं। अखबार आगे लिखता है, बिहार सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत के लिए चुना गया समय उसकी ईमानदारी पर सवाल उठा रहा है।

अगर सरकार वाकई लोगों की समस्याओं के प्रति गंभीर और सजग होती, तो ये घोषणाएं एक-दो साल पहले ही की जा सकती थीं। यह तो समय ही बताएगा कि सरकार के अंतिम दिनों में मतदाताओं को लुभाने के लिए की गई घोषणाएं कारगर साबित होती हैं या नहीं।

महाराष्ट्र में उद्धव और राज ठाकरे के गठबंधन पर जालंधर से प्रकाशित अज दी आवाज लिखता है- मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाने के फैसले ने दोनों चचेरे भाइयों, उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे को करीब आने का अवसर दिया।

ऐसा लगता है मानो दोनों नेता साथ आने के मौके का इंतज़ार कर रहे थे। फिलहाल, ये दोनों पार्टियां अपना अशितत्व बचाए रखने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

ठाकरे भाइयों का तात्कालिक लक्ष्य प्रतिष्ठित मुंबई नगर निगम में पैर जमाना है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति और विपक्षी एमवीए दोनों ही आंतरिक मतभेदों से घिरे हुए हैं।

राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर, आगामी समय में महाराष्ट्र की राजनीति में और अधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे और उनका प्रदर्शन राजनीति में उनका भविष्य भी तय करेगा। इसके अलावा एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या ये दोनों स्थानीय चुनाव अकेले लड़ेंगे या एमवीए के सहयोगी कांग्रेस और शरद पवार के साथ मिलकर लड़ेंगे।

चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून लिखता है-शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे द्वारा हताशा में अपनाया गया यह अंतिम उपाय है।

शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के बेटे उद्धव और भतीजे राज ठाकरे अपनी राजनीतिक किस्मत चमकाने के लिए मराठी मानुष कार्ड पर भरोसा कर रहे हैं। वे भाजपा पर किसी न किसी बहाने महाराष्ट्र के लोगों को बांटने का आरोप लगा रहे हैं।

हालांकि, उनकी लड़ाई केवल भगवा पार्टी के खिलाफ ही नहीं है, बल्कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली आधिकारिक शिवसेना के खिलाफ भी है। ठाकरे बंधुओं के पुनर्मिलन का मतलब है कि शिंदे अब मराठी वोट को हल्के में नहीं ले सकते।

**(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)**

# टैरिफ युद्ध अमेरिका पर ही भारी पड़ सकता है

**प्रहलाद सबनानी**

अमेरिका में श्री डानल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के साथ ही दुनिया के लगभग समस्त देशों के साथ ट्रम्प प्रशासन द्वारा टैरिफ युद्ध की घोषणा कर दी गई है। अमेरिका में विभिन्न देशों से होने वाले आयात पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर एवं टैरिफ की दरों में बार बार परिवर्तन कर तथा इन टैरिफ की दरों को लागू करने की तिथि में परिवर्तन कर ट्रम्प प्रशासन टैरिफ युद्ध को किस दिशा में ले जाना चाह रहा है, इस सम्बंध में अब स्पष्टता का पूर्णतः अभाव दिखाई देने लगा है।

अब तो विभिन्न देशों को ऐसा आभास होने लगा है कि अमेरिकी प्रशासन विभिन्न देशों पर टैरिफ की दरों के माध्यम से अपना दबाव बनाने का प्रयास कर रहा है ताकि ये देश अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अमेरिकी शर्तों पर शीघ्रता के साथ सम्पन्न करें।

श्री ट्रम्प द्वारा कई बार यह घोषणा की गई है कि भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता शीघ्र ही सम्पन्न किया जा रहा है। अमेरिका एवं भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से भारतीय प्रतिनिधि मंडल अमेरिका में गया था तथा निर्धारित समय सीमा से अधिक समय तक वहां रहा एवं ऐसा कहा जा रहा है कि द्विपक्षीय समझौते के अंतिम रूप को अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है परंतु अभी तक अमेरिका द्वारा अमेरिका एवं भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते की घोषणा नहीं की जा रही है।

हालांकि, इस बीच अमेरिका द्वारा कई देशों के विरुद्ध टैरिफ की दरों को बढ़ा दिया गया है। विशेष रूप से जापान एवं दक्षिणी कोरिया से अमेरिका को आयात होने वाली वस्तुओं पर 1 अगश्त 2025 से 25 प्रतिशत की दर से टैरिफ लगाया जाएगा। इसी प्रकार, 12 अन्य देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर भी टैरिफ की बढ़ी हुई नई दरें लागू किये जाने का प्रश्ताव किया गया है। इस सम्बंध में अमेरिकी राष्ट्रपति ने इन 14 देशों के राष्ट्राध्यक्षों को पत्र भी लिखा है। इस सूची में भारत का नाम शामिल नहीं है।

पूर्व में अमेरिका द्वारा चीन से आयात होने वाले उत्पादों पर भारी भरकम टैरिफ की घोषणा की गई थी। चीन ने भी अमेरिका से होने वाली आयातित वश्तुओं पर लगभग उसी दर पर टैरिफ लागू करने की घोषणा कर दी थी। साथ ही, चीन ने विभिन्न देशों को दुर्लभ खनिज पदार्थों (रेयर अर्थ मिनरल) के निर्यात पर रोक लगा दी थी। अमेरिका में चीन के इस निर्णय का बहुत गहरा प्रभाव पड़ा था। जिसके दबाव में अमेरिका ने चीन के साथ व्यापार समझौता करते हुए चीन से आयात होने वाली विभिन्न वश्तुओं पर टैरिफ की दरों को तुरंत कम कर दिया।

अमेरिका द्वारा इसी प्रकार का एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता ब्रिटेन के साथ भी सम्पन्न किया जा चुका है। पूर्व में, ट्रम्प प्रशासन ने 90 दिवस की अवधि में 90 देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करने की बात कही थी तथा 90 दिवस की समयावधि 9 जुलाई को समाप्त होने के पश्चात भी केवल दो देशों ब्रिटेन एवं चीन के साथ ही द्विपक्षीय व्यापार समझौता सम्पन्न हो सका है। भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जा चुका है परंतु इसकी अभी तक घोषणा नहीं की गई है। द्विपक्षीय समझौते के लिए शेष देशों पर दबाव बनाने की दृष्टि से ही इन देशों से अमेरिका को होने वाले आयात पर टैरिफ की दरों को एक बार पुनः बढ़ाये जाने का प्रश्ताव है और इन बढ़ी हुई दरों को 1 अगश्त 2025 से लागू करने की योजना बनाई गई है।

वैश्विक श्तर पर अमेरिका द्वारा छेड़े गए इस टैरिफ युद्ध से निपटने के लिए भारत एक विशेष रणनीति के अंतर्गत कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत ने वैश्विक मंच पर न तो अमेरिका के टैरिफ की दरों में वृद्धि सम्बंधी निर्णयों की आलोचना की है और न ही भारत में अमेरिका से आयातित वश्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी है।



बल्कि, भारत ने तो अमेरिका से आयात होने वाली कुछ विशेष वश्तुओं पर टैरिफ को कम कर दिया है। दरअसल, भारत इस समय विकास के उस चक्र में पहुंच गया है जहां पर भारत को अपना पूरा ध्यान आर्थिक क्षेत्र को आगे बढ़ाने पर केंद्रित करने की आवश्यकता है। भारत को यदि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करना है तो आगे आने वाले लगभग 20 वर्षों तक लगातार लगभग 8 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर को बनाए रखना अति आवश्यक है।

इसलिए भारत एक विशेष रणनीति के अंतर्गत अपने आर्थिक विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत के रूस के साथ भी अच्छे सम्बंध हैं तो अमेरिका से भी अपने सम्बन्धों को सामान्य बनाए रखने के लिए प्रयत्नशील है। भारत के इजराईल के साथ भी अच्छे सम्बंध हैं तो ईरान के साथ भी भारत के व्यापारिक सम्बंध हैं। रूस एवं यूक्रेन युद्ध के बीच भी भारत ने दोनों देशों के साथ अपना संतुलित व्यवहार बनाए रखा है। इसी कड़ी में, चीन के साथ भी आवश्यकता अनुसार बातचीत का दौर जारी रखा जा रहा है, बावजूद इसके कि कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चीन अप्रत्यक्ष रूप से भारत के विरुद्ध कार्य करता हुआ दिखाई देता है। अभी हाल ही में चीन ने भारत को दुर्लभ खनिज पदार्थों (रेयर अर्थ मिनरल) की आपूर्ति पूर्णतः रोक दी है। साथ ही, मानसून का मौसम भारत में प्रारम्भ हो चुका है एवं भारत में कृषि क्षेत्र में गतिविधियां अपने चरम श्तर पर पहुंच गई हैं, ऐसे अत्यंत महत्वपूर्ण समय पर चीन द्वारा भारत को उर्वरकों की आपूर्ति पर परेशनियां खड़ी की जा रही हैं।

चीन द्वारा समय समय पर भारत के लिए खड़ी की जा रही विभिन्न समस्याओं के हल हेतु भारत ने विश्व के पूर्वी देशों एवं विश्व के दक्षिणी भाग में स्थित देशों की ओर रूख किया है। अभी हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने घाना, नामीबिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, त्रिनिदाद एवं टोबैगो जैसे देशों की यात्रा इस उद्देश्य से सम्पन्न की है ताकि दुर्लभ खनिज पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

इन देशों में दुर्लभ खनिज पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। भारत में 140 करोड़ नागरिकों का विशाल बाजार उपलब्ध है, जिसे अमेरिका एवं चीन सहित विश्व का कोई भी देश नजर अन्दाज नहीं कर सकता है। यदि अमेरिका एवं चीन भारत के साथ अपने सम्बन्धों को किसी भी कारण से बिगाड़ने का प्रयास करते हैं तो लम्बी अवधि में इसका नुक्सान इन्हीं देशों को अधिक होने जा रहा है है क्योंकि ऐसी स्थिति में वे भारत के विशाल बाजार से वंचित हो जाने वाले हैं।

भारत तो वैसे भी पिछले लम्बे समय से आत्मनिर्भर होने का लगातार प्रयास कर रहा है एवं कई क्षेत्रों में भारत आज आत्मनिर्भर बन भी गया है। अतः भारत की निर्भरता अन्य देशों पर अब कम ही होती जा रही है। भारत आज फार्मा, ऑटो, कृषि, इंजीनीयरिंग, टेक्नॉलोजी, स्पेस तकनीकी, सूचना प्रौद्योगिकी, आदि क्षेत्रों में बहुत आगे निकल चुका है। आज भारत विकास के उस पड़ाव पर पहुंच चुका है, जिसकी अनदेखी विश्व का कोई भी देश नहीं कर सकता है।

भारत को हाल ही में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में कच्चे तेल के अपार भंडार होने का भी पता लगा है। एक अनुमान के अनुसार, यह भंडार इतने विशाल हैं कि आगामी 70 वर्षों तक भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति होती रहेगी।

इसी प्रकार, भारत में कर्नाटक स्थित कोलार स्वर्ण खदानों में भी एक बार पुनः खुदाई का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। आरम्भिक अनुमान के अनुसार, प्रतिवर्ष लगभग 750 किलोग्राम स्वर्ण की आपूर्ति भारत को इन खदानों से हो सकती है।

पूरे विश्व में आज केवल भारत ही युवा देश की श्रेणी में गिना जा रहा है क्योंकि भारत की 65 प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयुवर्ग में हैं तथा लगभग 40 प्रतिशत आबादी 15 से 35 वर्ष के आयुवर्ग में शामिल हैं। अतः एक तरह से भारत आज विश्व के लिए श्रम का आपूर्ति केंद्र बन गया है। लम्बे समय से रूस एवं यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बाद जब इन देशों में आधारभूत सुविधाओं को पुनर्विकसित करने का कार्य प्रारम्भ होगा तो इन्हें भारतीय श्रमिकों एवं इंजीनियरों की आवश्यकता पड़ने जा रही है, एक अनुमान के अनुसार अकेले रूस द्वारा में लगभग 10 लाख भारतीयों की मांग की जा सकती है।

इसी प्रकार, इजराईल एवं हम्मास तथा ईरान के बीच युद्ध की समाप्ति के पश्चात इन देशों में भी बुनियादी ढांचे को पुनः मजबूत करने का कार्य जब प्रारम्भ होगा तो इन देशों को भी भारतीय नागरिकों की आवश्यकता पड़ेगी। इजराईल, जापान सिंगापुर एवं ताईवान आदि देशों द्वारा तो पूर्व में भी भारतीय इंजिनीयरों की मांग की जाती रही है। अमेरिका, ब्रिटेन एवं अन्य यूरोपीय देशों में तो डॉक्टर एवं इंजीनियरों की भारी मांग पूर्व से ही बनी हुई है। अतः आज भारत पूरे विश्व में डॉक्टर, इंजीनियर तथा श्रमिक उपलब्ध कराने के मामले बहुत आगे है। अतः भारत की इस ताकत की अनदेखी आज कोई भी देश नहीं कर सकता है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www.ncrtoday.in **ई-मेल:** todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI**-UPHIN/2009/30721

## संक्षिप्त समाचार



### मूसलाधार बारिश में डूबते बच्चों को बचाने के लिए मां ने लगा दी जी-जान जान

**बिजनौर, एजेंसी।** मां की ममता का कारुणिक दृश्य लोगों में उस समय चर्चा का विषय बन गया जब रामलीला मैदान बिजनौर में मूसलाधार बारिश के कारण कई फीट पानी भर गया, जिसके कारण एक दीवार की सज्जी के नीचे कुतिया द्वारा एक दिन पहले ही दिए गए तीन बच्चे भरें पानी में डूबने लगे। बच्चों को खतरे में देख कुतिया ने एक-एक कर मुंह में दबाकर बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जबकि एक दिन पहले ही प्रसव काल के कारण कुतिया काफी कमजोर नजर आ रही थी पर बच्चों की ममता में वह लगातार पानी में दौड़ती रही, जब तक बच्चों को सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुंचा दिया तब तक उसने विश्राम नही किया। इस दृश्य को देख आसपास के लोग भी मां की ममता के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट करते दिखाई दिए, कुछ ने इस घटना की वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दी. वायरल हो रहे वीडियो में मां की ममता पर लोग अपने-अपने शब्दों में भावनाएं जागृति कर रहे हैं।

### रेलवे ट्रैक पर फंसी कार, इमरजेंसी ब्रेक लगाने से टला बड़ा हादसा



**बिजनौर, एजेंसी।** बंद पड़े फाटक के पास से कार निकालने का प्रयास एक युवक की जान पर बन आया। कार ट्रैक पर फंसी तो अचानक मालगाड़ी आ गई। हालांकि इमरजेंसी ब्रेक लगाकर चालक ने रेलगाड़ी को रोक लिया फिर भी मालगाड़ी सामने खड़ी कार से टकरा गई, जिसमें कार मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुई है।। करीब एक घंटा तक मालगाड़ी खड़ी रही और रेल यातायात बाधित रहा। किरतपुर का रहने वाला युवक कार से अपनी ससुराल कसौर जाने के लिए निकला। वह रास्ता भटक गया और सुबह 4:45 बजे पेदा के पास पहुंच गया। यहां पर रेल अंडरपास में पानी भरा हुआ था। इस पर वह रेल अंडर पास से निकलने के बजाए बंद किए जा चुके रेल फाटक के पास से कार को निकालने का प्रयास किया। तभी ट्रैक पर उसकी कार फंस गई। इसी दौरान नजीबाबाद की ओर से बिजनौर आ रही मालगाड़ी भी पहुंच गई। मालगाड़ी के चालक ने दूर से ही ट्रैक पर खड़ी कार को देखकर ब्रेक लगा दिए। ब्रेक लगते लगते भी मालगाड़ी कार के बेहद करीब तक आ पहुंची थी। उधर, मालगाड़ी को आता देख कार चालक दूसरी ओर कूद गया। मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद आरोपी कार चालक के खिलाफ रेलवे एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है, कार चालक को पुलिस ने जमानत भी दे दी है। कार ट्रैक पर फंसने के कारण करीब एक घंटा तक मालगाड़ी खड़ी रही, इससे रेल ट्रैक बाधित हो गया। नजीबाबाद से बिजनौर आने वाली पैसेंजर ट्रेन भी देरी से पहुंची। दो ट्रेनों के समय पर इसका असर पड़ा। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि कार को सीज कर दिया गया है।

### सोशल मीडिया में भगवान राम पर टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**जौनपुर , एजेंसी।** सिकरारा थाना अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा हिन्दू धर्म के आराध्य श्री राम पर अशोभनीय अमर्यादित टिप्पणी करने वाले अभियुक्त को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। क्षेत्राधिकारी सदर परमानन्द कुशवाहा ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक शिकायत प्राप्त हुई जिसमें विक्रम कुमार पुत्र उदय राज निवासी ग्राम उगापुर थाना सिकरारा जनपद जौनपुर द्वारा सोशल मीडिया पर (विक्रान्त आईडी के नाम से) हिन्दू धर्म के आराध्य श्री राम पर अभद्र टिप्पणी किया गया था।



# मूसलाधार बारिश से तबाही, बुंदेलखंड और पूर्वांचल में 13 लोगों की मौत

## अभी राहत के आसार नहीं





**लखनऊ, एजेंसी।** मूसलाधार बारिश से आई तबाही से बुंदेलखंड और पूर्वांचल में 13 लोगों की मौत हो गई। चित्रकूट में तीन, बांदा में दो और कानपुर देहात, उन्नाव, हमीरपुर में एक-एक की मौत हुई है। चित्रकूट में सबसे ज्यादा 100 एमएम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक अभी मूसलाधार बारिश जारी रहेगी।

बुंदेलखंड समेत प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में शनिवार को अच्छी बारिश हुई। इससे तापमान में भी एक से दो डिग्री की गिरावट महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अभी एक हफ्ते तक बारिश का दौर जारी रहेगा। इस दौरान कहीं कम तो कहीं मध्यम व तेज बारिश होती रहेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि शनिवार को सबसे ज्यादा बारिश बुंदेलखंड क्षेत्र में दर्ज की गई। चित्रकूट में शनिवार शाम तक सबसे अधिक 216 मिमी. बारिश दर्ज की गई। वहीं कानपुर में 126 मिमी. और बांदा में 115 मिमी. बारिश दर्ज की गई। कानपुर समेत आसपास और पूर्वांचल के जिलों में शुक्रवार रात से झमाझम बारिश हुई। कई जगहों पर बारिश का पानी घरों में घुस गया। बिजली-बारिश से चित्रकूट में तीन, बांदा में दो, कानपुर देहात, उन्नाव और हमीरपुर में एक-एक की मौत हो गई। चित्रकूट में सबसे ज्यादा 100 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। पूर्वांचल में बिजली गिरने से पांच मौतें हुईं। बांदा में बदौसा थाना क्षेत्र के उतरवां शाहपुर के मजरा कल्लू पुरवा में शनिवार सुबह करीब बिजली गिरने से कच्चा मकान ढह गया। मां और दो बेटे मलबे में दब गए। रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में एक बेटे को मृत घोषित कर दिया गया, बाकी दो का इलाज चल रहा है। कमासिन थाना क्षेत्र के दादौं गांव में बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई जबकि दो झुलस गए। बांदा में 24 घंटे में 46 एमएम बारिश दर्ज की गई।

चित्रकूट के भरतकूप में कच्चे मकान की छत और पहाड़ी क्षेत्र में मकान की दीवार गिरने से दो की मौत हो गई। मानिकपुर क्षेत्र में नाले में बह जाने से किसान की मौत हो गई। महोबा में शुक्रवार रात 12 बजे से शनिवार दोपहर झमाझम बारिश हुई। नाला, नहर और रपटे उफना गए। 20 गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया। लोगों को 20 से 30 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ा। बारिश का पानी विद्यालयों व घरों में भर गया। इससे स्कूली बच्चों को भी परेशानी हुई। देर शाम तक 110 एमएम बारिश दर्ज की गई। हमीरपुर के कुरारा क्षेत्र के शिवनी गांव में धान की रोपाई कर रहे पांच मजदूरों पर बिजली गिर गई। इनमें से एक की मौत हो गई, जबकि चार झुलस गए। नदी-नाले उफना गए। कई गांव टापू बन गए। यहां 24 घंटे में 68 मिमी वर्षा दर्ज की गई। उन्नाव के बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के अलौलापुर गांव में धान की रोपाई कर रहे यवक की बिजली गिरने से मौत हो गई।

**बिजली गिरने से पांच लोगों ने गंवाई जान**

भदोही/जौनपुर/चंदौली/आजमगढ़- पूर्वांचल के भदोही, चंदौली, आजमगढ़ और जौनपुर में शनिवार को बारिश के बीच बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। आठ लोग झुलस गए। भदोही जिले के समधा डीह निवासी राजकुमार यादव के खेत में शनिवार को मजदूर धान की रोपाई कर रहे थे। बारिश के बीच बिजली गिर गई। इसमें सुघरा देवी (45), रीता देवी (40), कैलाश यादव (17) और अंतिमा देवी (15) झुलस गई।

सीएचसी में सुघरा देवी को मृत घोषित कर दिया गया। थियाडिल में डेहरिया में बिजली गिरने से कक्षा आठ की छात्रा सोनम और कक्षा 12 की छात्रा संध्या सरोज झुलस गई। सीएचसी में सोनम को मृत घोषित कर दिया गया। जौनपुर जिले के मछलीशहर क्षेत्र के जमालपुर गांव में शनिवार को अपराह्न साढ़े तीन बजे बिजली गिरने से धर्मेंद्र यादव (28) की मौत हो गई। चंदौली जिले के कंदवा क्षेत्र के घोसवा गांव में बिजली गिरने से रेवसा गांव निवासी वंदना (24), सलेमपुर पौनी निवासी टोनी (17) और निराशा (40) झुलस गईं। इलाज के दौरान निराशा की मौत हो गई। आजमगढ़ में बड़गहन गांव में बिजली गिरने से कैलाशी देवी (42) की मौत हो गई।

# भूमि विवाद पर तहसीलदार के एकतरफा आदेश से आहत किसान ने की सुसाइड की कोशिश





**बाराबंकी, एजेंसी।** बाराबंकी में भूमि विवाद पर तहसीलदार के एकतरफा आदेश से आहत किसान ने सुसाइड करने की कोशिश की। मामले में एसडीएम ने जांच के आदेश दिए हैं। यूपी के बाराबंकी में भूमि विवाद के आदेश से आहत किसान ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। बेटे ने पूर्व तहसीलदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एसडीएम ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं। जांच के बाद दोषी पर कार्रवाई करने की बात कही है। मामला सिरौली गौसपुर तहसील क्षेत्र के परसा गांव का है। गांव निवासी किसान लल्लाराम का मामला गोंडा जिले के गुलवरिया गांव की महिला के साथ तहसीलदार न्यायालय में चल रहा था। आरोप है कि पूर्व तहसीलदार महिमा मिश्रा ने स्थानांतरण से ठीक पहले विपक्ष के पक्ष में जल्दबाजी में अपना आदेश पारित कर दिया। इससे सदमे में आकर लल्लाराम ने जहरीला पदार्थ पीकर सुसाइड करने की कोशिश की।

जानकारी होते ही घरवालों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। किसान के बेटे शमसेर कुमार वर्मा ने बताया कि बाहर की महिला ने फर्जी दस्तावेज के सहारे खुद को परिवार की सदस्य बताकर मुकदमा दर्ज कराया है। जबकि, वह हमारे परिवार से कोई संबंध नहीं रखती है।

# छांगुर पर नया खुलासा: 40 देशों में पैठ... 20 हजार शागिर्द बताता था बाबा

## कलमा पढ़ाने के साथ करता था ये काम



**बलरामपुर, एजेंसी।** बलरामपुर के छांगुर की करतूत अब एक-एक करके सामने आ रही है। प्रभाव जमाने के लिए वह 40 देशों में पैठ होने की बात करता था। यही नहीं, 20 हजार से अधिक शागिर्द होने की धौंस भी जमाता था। ताकत दिखाने के लिए फर्जी मुकदमे दर्ज कराने और धमकी दिलाने में देर नहीं करता था। छांगुर ने युवतियों की भी एक टीम बना रखी थी, जो किसी पर भी दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज करा देती थीं।

छांगुर धर्म परिवर्तन न करने वालों को सबक सिखाने में प्रशासनिक मशीनरी का प्रयोग भी बेखौफ होकर करता था। धर्म परिवर्तन के लिए राजी होने पर मोटी रकम देता था। करीब 15 वर्षों से चल रहे इस खेल का खुलासा तब हुआ, जब उसके करीबियों को यह करतूत नागवार गुजरी। इसके बाद विरोध का एक दौर शुरू हुआ। दो वर्ष तक छांगुर के साथ रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि धर्म परिवर्तन कराने की जानकारी हुई तो विरोध किया, जिसकी सजा झूठे मामले में जेल जाकर चुकानी पड़ी। जान के लाले अलग से पड़ गए। अभी तक वह छुपकर जिंदगी जी रहे हैं।

**प्रतिबंधित पशु का मांस खिलाता था छांगुर:** उन्होंने बताया कि छांगुर धर्म परिवर्तन कराने के लिए पहले कलमा पढ़ाता था और फिर प्रतिबंधित पशु का मांस खिलाता था। इससे वह संतुष्ट होना चाहता था कि हिंदू धर्म से मोहभंग हुआ या नहीं। इस पूरी प्रक्रिया की वह फोटो खींचता था और वीडियो बनाता था। उसे इस्लामिक देशों की उन संस्थाओं को भेजता था, जो धर्मांतरण के लिए फंड देती थीं। जांच में जुटी एटीएस को ऐसे देशों से फंड मिलने के सुराग भी मिले हैं।

# डिप्टी सीएम केशव बोले- नकल अध्यादेश खत्म करने वाली सपा को शिक्षा के विषय में बात करने का अधिकार नहीं



**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा के नकल अध्यादेश को समाप्त करने वाली समाजवादी पार्टी को शिक्षा के विषय में बोलने का अधिकार नहीं है। डिप्टी सीएम रविवार को प्रयागराज पहुंचे थे। वह सर्किट हाउस में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा शासन काल में राजनाथ सिंह शिक्षा मंत्री थे। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में काफी सुधार किया। नकल अध्यादेश लागू करके शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम उठाया, लेकिन सपा की सरकार बनते ही इस अध्यादेश को समाप्त करके शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया गया। सपा अपराध और माफियाओं के प्रति गंभीर है। शिक्षा के प्रति यह लोग गंभीर नहीं है। स्कूलों के मर्जर का मामला हाईकोर्ट में है।

ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग के सवाल पर केशव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद चार राज्यों में विधानसभा चुनाव हो चुके हैं, जिसमें तीन राज्यों में कमल खिल चुका है। बिहार में भी भाजपा सरकार बनने जा रही है। इसके आगे भी जो विधानसभा चुनाव होंगे उसमें भी भाजपा जीत हासिल करेगी। साथ ही 2027 में यूपी में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। भाजपा पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट गई है।

# महिला विवाद: हरियाणा से पहुंचे चार युवकों ने एक परिवार पर किया हमला

## फिर ग्रामीणों ने आरोपियों को बांधकर पीटा





**रामपुर, एजेंसी।** रामपुर के जयतोली गांव में हरियाणा से आए चार युवकों ने दो परिवारों पर हमला कर दिया। अचानक मची चीखपुकार के बाद मौके पर ग्रामीण एकत्र हो गए। उन्होंने चारों युवकों को पकड़कर जमकर पीटा। मामला एक महिला को लेकर सामने आया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

रामपुर के जयतोली गांव में रविवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब हरियाणा से आए चार युवकों ने गांव के दो परिवारों का दरवाजा खुलते ही मारना पीटना शुरू कर दिया। अचानक मारपीट के बाद दोनों परिवारों में चीखपुकार मच गई। इसके बाद ग्रामीणों ने चारों आरोपियों की घेराबंदी करके उन्हें पकड़कर बांध दिया। इसके बाद उनकी जमकर पिटाई की गई। जमीन पर बंधे पड़े चारों आरोपियों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हरियाणा की इशिका नाम की महिला ने बताया कि वह जयतोली गांव के रहने वाले रतिपाल के साथ साल भर पहले आ गई थी। उसका पहले पति से रतिपाल का विवाद चल रहा है। इशिका के अनुसार रविवार तड़के हरियाणा के यमुनानगर के थाना सिटी क्षेत्र के जगादरी स्थित गंगानगर कॉलोनी के रहने वाले इशिका का पहला पति राहुल, उसका रोहित, राजू और शिवम् जयतोली गांव पहुंचे। आरोप है कि इन सभी ने भूलवश रतिपाल के घर की जगह इनके पड़ोसी रामगोपाल का दरवाजा खटखटाया।

दरवाजा खुलते ही चारों युवक हमलावर हो गए और मारपीट शुरू कर दी। इसमें रामगोपाल के बेटा अर्जुन, उनकी पत्नी प्रीति और बेटी सोनम घायल हो गई। शोर-शराबा सुनकर रतिपाल और इशिका भी मौके पर आ गए। आरोप है कि चारों ने रतिपाल और इशिका को देखकर लोहे की रॉड और पाइप से मारना पीटना शुरू कर दिया। घटना के दौरान चीखपुकार मच गई। इसके बाद गांव के लोग इकट्ठे हो गए। मौके पर मारपीट को देखकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने चारों युवकों की घेराबंदी करके उनके हाथ बांध दिए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने चारों युवकों को ग्रामीणों से छुड़ाया। पकड़े गए हरियाणा निवासी राहुल ने बताया कि वर्ष 2018 में उसकी शादी इशिका से हुई थी। उसको रतिपाल नाम का युवक अपने गांव ले आया था। महिला इशिका के साथ इनका बेटा हर्ष (3) साथ ले आई थी। राहुल ने बताया कि वह अपने बेटे हर्ष को लेने के लिए अपने तीन दोस्तों के संग जयतोली गांव पूछते-पूछते गया था।

इसके बाद विवाद शुरू हो गया। मारपीट में घायलों को सीएचसी इलाज के लिए भेजा गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी पंकज पंत ने बताया कि महिला को लेकर विवाद हुआ है। घायलों का उपचार कराया गया है। पूरे मामले की जांच कर तहरीर लेकर कार्रवाई की जाएगी।

# ऑनलाइन हाजिरी पर सख्ती, माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हर हाल में अनुपालन के दिए निर्देश; शिक्षक संगठन नाराज




**लखनऊ, एजेंसी।** शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी पर सख्ती करते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हर हाल में अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं। इससे शिक्षक संगठनों में नाराजगी है। उत्तर प्रदेश के मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों व छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर सख्ती बढ़ रही है। वहीं इसे लेकर शिक्षक संगठनों ने अपनी नाराजगी दर्ज कराई है। साथ ही इस निर्णय को अव्यवहारिक बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की है। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव भगवती सिंह की ओर से हाल में सभी डीआईओएस को जारी निर्देश में कहा गया है कि कई विद्यालयों द्वारा नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जा रही है। ऐसे में सभी डीआईओएस सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य नियमित रूप से पहले घंटे में विद्यार्थियों व शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। इसमें लोकेशन न मिलने की आ रही दिक्कत का समाधान कराया जाए। साथ ही नए नियुक्त व संबद्ध शिक्षकों का विवरण भी अपडेट कराएं।

**अव्यवहारिक आदेश को जल्द वापस लिए जाने की मांग:** दूसरी तरफ सख्ती बढ़ने पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट) ने विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने इसे परिषद द्वारा जारी तुगलकी फरमान बताया है। संघ के प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह पटेल व संगठन प्रवक्ता ओम प्रकाश त्रिपाठी ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा का व्यक्तिगत ध्यान इस तरफ आकर्षित किया है। उनसे तत्काल हस्तक्षेप कर इस अव्यवहारिक आदेश को जल्द वापस लिए जाने की मांग की है।

# 2025 की सबसे भारी कांवड़, 306 दिन की यात्रा

## कंधों पर 351 लीटर गंगाजल लेकर चल रहा कांवड़िया





**सहारनपुर, एजेंसी।** सहारनपुर के नयागांव निवासी मनोज 306 दिन में हरिद्वार से 351 लीटर गंगाजल लेकर पहुंचे हैं। यह लंबी यात्रा उन्होंने बिना किसी अभ्यास के शुरू की थी और अब गांव पहुंचने में 6-7 दिन शेष हैं। सहारनपुर जनपद के नकुड़ में इस वर्ष कांवड़ यात्रा में अभी तक की सबसे भारी कांवड़ नजर आई। श्रद्धा और धैर्य का एक असाधारण उदाहरण पेश करते हुए नकुड़ के गांव नयागांव निवासी मनोज कुमार 306 दिनों से लगातार कांवड़ यात्रा पर हैं। उन्होंने हरिद्वार से 351 लीटर गंगाजल अपने कंधों पर लेकर सफर शुरू किया था और अब वह सहारनपुर रोड स्थित हरि कॉलेज के पास पहुंच चुके हैं।

### न कोई मन्नत, न दिखावा, अकेले चल पड़े भोले की राह

मनोज का कहना है कि यह यात्रा उन्होंने किसी मन्नत या दिखावे के लिए नहीं की है। उन्होंने न तो कोई अभ्यास किया, न ही कोई पूर्व योजना बनाई थी। केवल भोले बाबा का नाम लिया और निकल पड़े-351 लीटर गंगाजल को दोनों कंधों पर दो बड़ी केनों में बांधकर।

### एक दिन में तय करते हैं एक किमी की दूरी

हर केन में लगभग 175 लीटर जल है और इसका कुल वजन इतना अधिक है कि मनोज एक दिन में मात्र एक किलोमीटर की दूरी ही तय कर पाते हैं। उन्होंने बताया कि इस गंगाजल को अपने कंधों पर अकेले उठाकर हरिद्वार से लेकर अब तक सफर किया है। गांव तक पहुंचने में अभी लगभग 6-7 दिन और लग सकते हैं।

### विलक्षण प्रतिभा को देखकर हर कोई रह जाता है हैरान

मनोज की इस विलक्षण भक्ति-यात्रा को देखकर राह चलते लोग हैरान रह जाते हैं। कोई उन्हें प्रणाम करता है, कोई जल पिलाता है, तो कोई उनके साहस को सलाम करता है। उनकी इस साधना ने कांवड़ यात्रा को एक नया रूप और गहराई दे दी है।

# इगा स्वियातेक ने रचा इतिहास

## पोलैंड को दिलाया पहला महिला सिंगल्स खिताब

**लंदन, एजेंसी।** लंदन की हरी घास पर, जहां हर कदम इतिहास बनता है और हर विजेता अमरता की ओर बढ़ता है, वहीं 12 जुलाई 2025 को पोलैंड की 24 वर्षीय टेनिस स्टार इगा स्वियातेक ने एक ऐसा मुकाम हासिल किया, जो अब तक उनके देश के लिए केवल सपना था। उन्होंने विंबलडन महिला सिंगल्स का खिताब जीतकर न केवल अपने करियर का पहला विंबलडन टाइटल अपने नाम किया, बल्कि वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली पोलैंड की पहली महिला खिलाड़ी भी बन गई।

फाइनल में इगा ने अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को मात्र 57 मिनट में 6-0, 6-0 से हराकर एकतरफा अंदाज़ में खिताब अपने नाम किया। टेनिस की दुनिया में इस तरह के स्कोर को 'डबल बैगेल' कहा जाता है – एक ऐसी स्थिति जहां सामने वाला खिलाड़ी एक भी गेम नहीं जीत पाता। यह प्रदर्शन न केवल तकनीकी रूप से श्रेष्ठ था, बल्कि मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास का एक ऐसा प्रदर्शन था जिसे वर्षों तक याद रखा जाएगा। इगा के इस जीत की विशेषता सिर्फ उसकी तेज़ी और सटीकता में नहीं थी, बल्कि इस बात में थी कि वह विंबलडन में अब तक कभी इस स्तर पर नहीं पहुंची थीं। फ्रेंच ओपन में चार बार खिताब जीत चुकीं और एक बार यूएस ओपन की चैंपियन रह चुकीं स्वियातेक को विंबलडन की घास पर कभी-कभी असहज भी महसूस हुआ करता था। मगर इस साल कुछ बदला हुआ था – खेल में एक अलग निखार, चेहरे पर आत्मविश्वास की



विंबलडन 2025:

एक नई चमक, और हर सर्व में छिपी चुपचाप की गई मेहनत। मैच के बाद उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि वे विंबलडन जीतेंगी। उनका कहना था, मैंने इसका सपना भी नहीं देखा था, यह मेरे लिए काफी दूर की बात लगती थी। मैंने ग्रैंड स्लैम जीते हैं, खुद को अनुभवी मानती हूं, लेकिन विंबलडन... इसकी कल्पना नहीं की थी। उनकी आँखों में वह आभार साफ़ झलक रहा था, जो केवल एक सच्चे चैंपियन में होता है – जो जितना ऊँचा उठता है, उतना ही विनम्र बनता जाता है। इगा की प्रतिद्वंद्वी अमांडा एनिसिमोवा के लिए यह पहला ग्रैंड स्लैम फाइनल था। 21 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी के लिए यह सफर बहुत प्रेरणादायक रहा, भले ही फाइनल उनके लिए किसी बुरे सपने जैसा रहा हो। लेकिन टेनिस की दुनिया जानती है कि अनुभव ही खिलाड़ी को परिपक्व बनाता है, और अमांडा को यह अनुभव आगे ज़रूर मजबूत बनाएगा। इगा ने भी उन्हें मंच से सराहते हुए कहा कि वो चाहती हैं कि वे दोनों मिलकर भविष्य में और भी कई फाइनल मुकाबले खेलें। स्वियातेक की इस उपलब्धि ने पोलैंड को गर्व से भर दिया है।

झराजधानी वारसा में प्रशंसकों ने स्क्रीन पर लाइव मैच देखा और जीत के बाद सड़कों पर उतरकर जश्न मनाया। पोलैंड के राष्ट्रपति ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सिर्फ एक टेनिस खिताब नहीं, बल्कि पूरे देश की उम्मीदों और आत्मविश्वास की जीत है। इगा अब पोलैंड की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा बन चुकी हैं, जैसे रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने फुटबॉल में किया था, अब वही इगा ने टेनिस में किया। इस जीत के साथ इगा स्वियातेक अब छह ग्रैंड स्लैम खिताबों की विजेता बन चुकी हैं – चार फ्रेंच ओपन, एक यूएस ओपन और अब एक विंबलडन। इस आंकड़े से कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण है यह संकेत कि वह मौजूदा दौर की सबसे निरंतर और खतरनाक खिलाड़ी बन चुकी हैं। वर्ल्ड नंबर वन की रैंकिंग अब सिर्फ एक संख्या नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जिसे वे बखूबी निभा रही हैं।

दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों ने भी उनकी जीत को ऐतिहासिक करार दिया। मार्टिना नवरातिलोवा ने कहा कि इगा का प्रदर्शन उन विरले मैचों में से एक था, जहां मानसिक संतुलन और तकनीकी महारत का आदर्श संगम दिखा। वहीं रोजर फेडरर ने कहा कि घास के कोर्ट पर इस स्तर की नियंत्रण क्षमता असाधारण है और इगा का सफर अब नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ता हुआ दिख रहा है।

विंबलडन की यह जीत स्वियातेक के लिए सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं थी, यह एक प्रतीक थी – उस धैर्य, समर्पण और जुनून की जो एक खिलाड़ी को महान बनाता है। उन्होंने न केवल अपने आलोचकों को जवाब दिया, बल्कि उन लाखों युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा दी, जो मानते हैं कि कुछ सतहें, कुछ परिस्थितियाँ या कुछ प्रतियोगिताएं उनकी क्षमता के बाहर हैं।

इगा ने दिखाया कि जब मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास एक साथ चलते हैं, तो सबसे कठिन मंच भी जीत का गवाह बन जाता है। विंबलडन 2025 में उनके नाम के साथ अब सिर्फ ट्रॉफी नहीं जुड़ी है – अब इतिहास में एक चमकदार अध्याय लिखा जा चुका है, जो आने वाले वर्षों तक टेनिस प्रेमियों के दिलों में जीवित रहेगा।

बीएफआई इलेक्शनः

## बीएफआई चुनावों में देरी का मामला, आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने वजह पता लगाने के लिए समिति गठित की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनावों में हो रही देरी के कारणों का पता लगाने और निष्पक्ष तथा समय पर चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एक खाके की सिफारिश करने हेतु तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग समिति का गठन किया है। शुक्रवार को गठित इस समिति की अध्यक्षता आईओए के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव करेंगे, जबकि आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा और अधिवक्ता पायल काकरा इसके सदस्य हैं।

आईओए के 11 जुलाई के कार्यालय आदेश में उषा ने कहा, बीएफआई की वर्तमान कार्यकारी समिति का कार्यकाल दो फरवरी को समाप्त हो गया था और तब से नए चुनाव नहीं हुए हैं। आदेश में कहा गया कि यह समिति बीएफआई की वर्तमान कानूनी और प्रशासनिक स्थिति की जांच करेगी और भारत में मुक्केबाजी के संचालन और कामकाज पर देरी के प्रभावों का आकलन करेगी। यह समिति विश्व मुक्केबाजी के साथ बातचीत सहित आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश करेगी और निष्पक्ष एवं समय पर चुनाव कराने के लिए एक स्पष्ट खाका सुझाएगी। समिति को एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है जिससे कि विश्व मुक्केबाजी के समक्ष तथ्यात्मक स्थिति प्रस्तुत की जा सके। इस समिति का गठन खेल मंत्रालय द्वारा पांच जुलाई को लिखे गए एक पत्र के बाद हुआ है जिसमें उषा से अनुरोध किया गया था कि विश्व मुक्केबाजी के साथ परामर्श करके एक उपयुक्त व्यवस्था तैयार करें ताकि राष्ट्रीय खेल संहिता 2011 और बीएफआई के उपनियमों के अनुसार जल्द से जल्द चुनाव सुनिश्चित किए जा सकें।

## डब्ल्यूपीएल ने खिलाड़ियों की प्रगति में अहम भूमिका निभाई, टी-20 श्रृंखला जीत के बाद बोले मजूमदार



**बर्मिंघम, एजेंसी।** भारतीय कोच अमोल मजूमदार ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 श्रृंखला जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय महिला प्रीमियर लीग को देते हुए कहा कि इसने खिलाड़ियों की प्रगति में 'अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय प्रतिस्पर्धी घरेलू सत्र को भी दिया। भारत शनिवार को पांचवां और अंतिम मैच हार गया लेकिन श्रृंखला 3-2 से अपने नाम कर ली।

मजूमदार ने पांचवें टी20 में अंतिम गेंद पर भारत की पांच विकेट की हार के बाद कहा, खिलाड़ियों की प्रगति का एक अहम हिस्सा रहा है। इसमें कोई शक नहीं है। लेकिन भारत में और भी टूर्नामेंट हैं जिन पर हमारी नजर है। बहुत सारे घरेलू खिलाड़ी खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, बीसीसीआई की पहल का एक हिस्सा मात्र है। इसलिए मुझे लगता है कि डब्ल्यूपीएल हमारे लिए एक सुखद अनुभव रहा है। लेकिन साथ ही ऐसे अन्य टूर्नामेंट भी हैं जो महत्वपूर्ण हैं। भारत की पदार्पण करने वाली बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने 10 विकेट लेकर श्रृंखला जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने खेलने के दिनों में घरेलू स्तर पर सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे मजूमदार ने कहा कि वह 'डब्ल्यूपीएल की खोज रहीं।

इंडिया-इंग्लैंडः

## शेफाली वर्मा के अर्धशतक के बावजूद हारा भारत, इंग्लैंड में पहली बार टी20 सीरीज जीती



**बर्मिंघम, एजेंसी।** इंग्लैंड की सरजमीं पर पहली बार टी20 श्रृंखला जीत सुनिश्चित करने वाली भारतीय महिला टीम को शनिवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 मैच में मेजबान टीम के खिलाफ अंतिम गेंद पर पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने हालांकि श्रृंखला 3-2 से जीती। भारत ने शेफाली वर्मा की 75 रन की तेजतर्रार पारी से सात विकेट पर 167 रन बनाए लेकिन इंलैंड ने अंतिम गेंद पर पांच विकेट शेष रहते 168 रन बनाकर मैच जीत लिया।

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने एम आर्लोट (42 रन पर एक विकेट) पर लगातार दो चौकों के साथ शुरुआत की लेकिन अंतिम गेंद पर लिन्से स्मिथ को कैच दे बैठीं। जेमिमा रोड्रिग्ज भी सिर्फ एक रन बनाकर लिन्से की गेंद पर बोल्ड हो गईं जिससे भारत का स्कोर दो विकेट पर 19 रन हो गया। शेफाली और कप्तान हरमनप्रीत कौर (15) ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 43 गेंद में 66 रन की साझेदारी की। ऑफ स्पिनर चार्ली डीन (23 रन पर तीन विकेट) ने हरमनप्रीत को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। हरलीन देओल भी सिर्फ चार रन बनाने के बाद सोफी एकलेस्टोन (28 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गईं। शेफाली ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने सातवें ओवर में तेज गेंदबाज इसी वोंग पर तीन चौके और एक छक्के से 20 रन बटोरे। शेफाली ने एकलेस्टोन पर कवर्स में चौका जड़कर सिर्फ 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो महिला टी20 में किसी भारतीय का संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। माइया बूचियर ने 14वें ओवर में डीन की गेंद पर शेफाली का शानदार कैच लपकर भारत का स्कोर पांच विकेट पर 111 रन किया। शेफाली ने 41 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके और एक छक्का मारा। विकेटकीपर रिचा घोष ने इसके बाद 16 गेंद में 24 जबकि राधा यादव ने 14 गेंद में 14 रन की पारी खेली जिससे भारत ने अंतिम 41 गेंद में 56 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों सोफिया डंक्ले (46 रन, 30 गेंद) और डेनियली वॉट हॉज (56 रन, 37 गेंद) ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 10.4 ओवर में 101 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। भारत ने शतकीय साझेदारी के बाद डंक्ले और वॉट हॉज को जल्दी-जल्दी आउट करके वापसी का प्रयास किया लेकिन कप्तान टैमी ब्युमोंट (30) और बूचियर (16) ने मेजबान टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड को अंतिम ओवर में जीत के लिए छह रन की दरकार थी। अरुंधति रेड्डी (47 रन पर दो विकेट) ने ब्युमोंट और ऐमी जोन्स को आउट किया लेकिन एकलेस्टोन और पेज स्कोफील्ड ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। दोनों टीमों के बीच अब 16 जुलाई से साउथम्पटन में तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी।

## लॉर्ड्स टेस्ट- दूसरी पारी में इंग्लैंड का स्कोर 125/4

● भारत के सिराज को 2 विकेट

**लंदन, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 125 रन बना लिए हैं। जो रूट और बेन स्टोक्स नाबाद हैं। हैरी ब्रूक (23 रन) को आकाश दीप ने बोल्ड कर दिया। नीतीश कुमार रेड्डी ने जैक क्रॉली (22 रन) को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। जबकि, मोहम्मद सिराज ने ओली पोप (4 रन) और बेन डकेट (12 रन) को पवेलियन भेजा। पहली पारी में किसी टीम को बढ़त नहीं मिली, इनमें भारत और इंग्लैंड की टीमें एक समान 387-387 के स्कोर पर ऑलआउट हुईं।



## WWE में शोक की लहर, रेसलर की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रोफेशनल रेसलिंग की दुनिया में कहानियां, उत्साह और रोमांच तो होता ही है, लेकिन कभी-कभी दुखद घटनाएं भी इसका एक हिस्सा बन जाती हैं। हाल ही में



रेसलिंग जगत को एक और बड़ा झटका लगा है। अनुभवी रेसलर केविन निकेल, जिन्हें रिंग में इवान वारसॉ और नक्कल्स मैडसेन के नाम से जाना जाता था उनका 41 साल की आयु में निधन हो गया है। निकेल ने इंडिपेंडेंट रेसलिंग सीन और TSW, UWN और मेम्फिस रेसलिंग जैसे कई प्रमोशन्स में लगभग दो दशक बिताए, जहां उन्होंने अपनी एक खास पहचान बनाई थी।

**अर्कासस में गोली लगने से हुई मौत:** यह दुखद खबर तब सामने आई जब यह पता चला कि वारसॉ को अर्कासस में एक घटना के दौरान गोली मार दी गई थी।

शुक्रवार की रात उन्हें पेट में गोली लगी और तत्काल अस्पताल ले जाने के बावजूद, उन्हें बचाया नहीं जा सका।

फिडे विश्व महिला शतरंज कपः

## वंतिका ने कैटरीना लागनो, दिव्या ने थेओडोरा इंजाक को हराया

**बटुमी (जॉर्जिया), एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अवंतिका अग्रवाल और दिव्या देशमुख ने शनिवार को यहां 691250 डॉलर पुरस्कार वाले फिडे विश्व महिला शतरंज कप में क्रमश- रूस की कैटरीना लागनो और सर्बिया की थेओडोरा इंजाक के खिलाफ तीसरे दौर का पहला गेम जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी दावेदारी पक्की कर ली। इस नॉकआउट प्रतियोगिता में अब सिर्फ 32 प्रतिभागी बचे हैं।



वंतिका ने ऊंची रैंक वाली लागनो को हराकर भारतीय महिलाओं के बीच अपनी तेजी से बढ़ती प्रतिष्ठा का एक और संकेत दिया है। खिताब की दावेदार दिव्या अपनी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए काले मोहरों से थेओडोरा को हराया। भारत की सर्वोच्च वरीयता प्राप्त कोनेरू हम्पी को इस बीच पोलैंड की कुलॉन क्लॉडिया के साथ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। सफेद मोहरों के साथ यह परिणाम थोड़ा निराशाजनक था, क्योंकि उनसे जीत की उम्मीद की जा रही थी। डी हरिका भी जीत हासिल नहीं कर सकीं और उन्होंने त्सोलाकिदौ स्टावरौला के साथ ड्रॉ खेला। आर वैशाली ने अमेरिका की कैरिसा यिप के साथ ड्रॉ खेला।

टी20आई त्रिकोणीय श्रृंखलाः

## फिन एलन चोटिल, इस कीवी बल्लेबाज की न्यूजीलैंड टीम में एंट्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी वेबसाइट के अनुसार डेवोन कॉनवे, मिच हे, जिमी नीशम और टिम रॉबिन्सन जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टी20आई टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं। त्रिकोणीय श्रृंखला 14 जुलाई को मेजबान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले के साथ शुरू होगी जबकि न्यूजीलैंड अपना पहला मुकाबला 16 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगा। 26 जुलाई को खेले जाने वाले फाइनल से पहले दोनों टीमें एक-दूसरे से दो-दो मैच खेलेंगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज कॉनवे, फिन एलन की जगह लेंगे जो संयुक्त राज्य अमेरिका में चल रही मेजर लीग क्रिकेट में खेलते हुए पैर में लगी चोट के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए थे। न्यूजीलैंड में आगे के परामर्श के बाद एलन के ठीक होने की समय-सीमा तय की जाएगी। हे, नीशम और रॉबिन्सन माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र के अतिरिक्त कवर के रूप में टीम में शामिल हुए हैं, जो सोमवार को होने वाले मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में हैं। कीवी टीम के मुख्य कोच, रॉब वाल्टर, इस बात से निराश थे कि फिन एलन इस टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

रॉब वाल्टर ने कहा, हम फिन के लिए बहुत निराश हैं, मैं उनके साथ काम करने और एमएलसी से उनके शानदार प्रदर्शन को जारी रखने के लिए उत्सुक था, लेकिन दुर्भाग्य से चोटें लग जाती हैं। हम भाग्यशाली हैं कि फिन की जगह डेवोन जैसे बेहतरीन खिलाड़ी को टीम में शामिल कर पाए हैं।

### टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला का शेड्युलः

14 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका
16 जुलाई - दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड
18 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड
20 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका
22 जुलाई - न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका
24 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड
**26 जुलाई – फाइनल।**

# पदकों की हैट्रिक की ओर बढ़ रही ज्योति सुरेखा

## भारत ने तीरंदाजी विश्व कप जीता कांसा और चांदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैड्रिड में तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में भारत ने महिला कंपाउंड स्पर्धा में रजत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम ने भारत की मेडल रेस की अगुआई की। अब उनकी नजर पदकों की हैट्रिक पर है। भारत ने महिला कंपाउंड टीम के रजत और मिश्रित टीम के कांस्य पदक स मैड्रिड में तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में दो पोडियम स्थान हासिल किए। भारत ने महिला कंपाउंड टीम के रजत और मिश्रित टीम के कांस्य पदक से शनिवार को मैड्रिड में तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में दो पोडियम स्थान हासिल किए जिसमें ज्योति सुरेखा वेन्नम पदकों की हैट्रिक की ओर बढ़ रही हैं।

हालांकि, पदक जीतने के बावजूद इस प्रदर्शन ने मुश्किल परिस्थितियों के दबाव में भारतीय तीरंदाजों की असक्षमता को उजागर कर दिया। क्वालिफिकेशन दौर में कुल 2116 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और पदार्पण कर रही 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप की तिकड़ी





स्वर्ण पदक की ओर बढ़ती दिख रही थी और तीसरे दौर के बाद 170-169 की बढ़त बनाए थी। लेकिन यह तिकड़ी निर्णायक क्षण में आए दबाव में लड़खड़ा गई और चीनी ताइपे से 225-227 से हारकर स्वर्ण पदक से चूक गईं।

**चीनी ताइपे की तिकड़ी को स्वर्ण**

इस हार ने फिर टीम की मानसिक कमजोरियों को उजागर कर दिया और 2022 एशियाई खेलों के बाद कंपाउंड कोच सर्जियो पाग्नी के जाने के बाद से पैदा हुए खालीपन को भी उजागर कर दिया। चीनी ताइपे की हुआंग आई-जौ, चेन यी-ह्सुआन और चिउ यू-एर्ह की तिकड़ी ने संयम बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

बाद में मिश्रित टीम स्पर्धा में ज्योति और ऋषभ यादव की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 10वीं वरीयता प्राप्त एल साल्वाडोर की पाओला कोराडो और डगलस व्लादिमीर नोलास्को की जोड़ी को 156-153 से हराकर कांस्य पदक जीता।

ज्योति सुरेखा के साथ परनीत कौर भी प्रतिस्पर्धा में

भारतीय मिक्स्ड डबल्स जोड़ी ने पहले दिन कुल 1431 अंकों के साथ क्वालीफाइंग विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था। भारतीय मिक्स्ड डबल्स जोड़ी शुक्रवार को सेमीफाइनल में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी थी और 12वीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड्स से 152-155 से हार गई थी। ज्योति सुरेखा व्यक्तिगत स्पर्धा में परनीत कौर के साथ भी प्रतिस्पर्धा में हैं और दोनों तीरंदाजों को दिन में अपने-अपने सेमीफाइनल में हिस्सा लेना है।